सुप्रभात
रांची, बुधवार
08.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 293



तीसरे चरण में 61 प्रतिशत से अधिक वोटिंग



# राहुल बतायें कि और कितने कांग्रेस नेताओं के पास रखे हैं काला धन : बाउरी

## जहांगीर आलम का आलमगीर आलम के संबंध का हो खुलासा

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा - एक प्रत्याशी को गांडेय उपचुनाव में जीत हासिल कराने के लिये हवाई मार्ग से भेजे जा रहे पैसे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने राहुल गांधी से पूछा है कि और कितने कांग्रेसी के यहां काला धन छुपा है। श्री बाउरी मंगलवार को भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी से यह जानना चाहता हूं कि कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम आज उनकी सभा में क्यों नहीं दिखे। वे कहां छुपे हुए है। लुटे हुए पैसे का जो नंगा नाच इस महा गठबंधन की सरकार में किया जा रहा है, उससे पूरा झारखंड शर्मसार हो रहा है। पैसों की गड्डी का पहाड़ जिस तरह से झारखंड में मिल रहा है, उससे कहा जा सकता है कि इसकी नींव कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही रख दी थी। भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की जननी यह कांग्रेस पार्टी ही है। जो लगातार देश के संसाधनों को दीमक की तरह खा कर खोखला कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश की बागडोर नहीं होती तो यह स्थिति और भी भयावह हो गयी होती।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचारियों के सरगना है। उन्होंने चुनाव को प्रभावित करने के लिए न सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिंग और टेंडर मैनेज के नाम पर पैसों की उगाही की बल्कि अपने पसंद के अधिकारियों को भी चुनाव प्रभावित करने के लिए काम में लगा दिया है। पलामू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा और रांची में आयोजित रोड शो में जिस तरह से जिला प्रशासन आमजन को सभा में सम्मिलित होने से रोका है और मीडिया वालों के हाथों से माइक छीन ली है। इससे साफ लगता है कि महागठबंधन की सरकार हर कीमत पर इस चुनाव को प्रभावित करने का मन बना चुकी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जेल के अंदर से ही हेमंत सोरेन अपने कार्यकताओं और अधिकारियों से फोन पर बात कर रहे हैं। इन सब पर अंकुश लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जहांगीर आलम का आलमगीर आलम जी के साथ क्या संबंध है।

उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी उनके याचिका को खारिज कर दिया गया है। जो बतलाता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे इस मामले में जांच सही दिशा में चल रही है। राजद के सुप्रीमो लालू यादव के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि इंडी एलाइंस का घोषणा पत्र मुस्लिम ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। जिसे देश की जनता कभी भी पूरी नहीं होने देगी। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदीप सिन्हा, अनिमेष कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### जयराम महतो को कोर्ट से मिली राहत 21 तक पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक



**रांची।** गिरिडीह के लोकसभा प्रत्याशी सह झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को अपर न्यायायुक्त की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने 21 मई तक प्रार्थी के खिलाफ किसी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इससे जयराम महतो को बड़ी राहत मिली है। अदालत में मामले में केस डायरी की मांग की है। साथ ही, सुनवाई की अगली तारीख 21 मई निर्धारित की है। उसने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये चार मई को याचिका दाखिल की है। उस पर नाजायज मजमा बना कर झारखंडियों आदिवासियों .मूलवासियों के भाषा संस्कृतिए हक एवं अधिकार केलिये 1932 के खतियान लागू कराने के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाने के लिये विधानसभा धेरने और सरकारी में बाधा डालने समेत कई तरह के आरोप है। सरकारी पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों को गाली .गलौज करने का भी आरोप है। इस घटना को लेकर 21 मार्च 2022 को नगड़ी अंचल के तत्कालीन सीओ संतोष कुमार शुक्ल ने नगड़ी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विधानसभा घेरने के लिये पूर्व से इनलोगों ने इजाजत भी नहीं ली थी। इसके कारण यातायात पूरी तरह से बाधित हो गई थी। सामान्य आवागमन भी पूरी तरह से बाधित हो गई थी।

### छवि रंजन की अगले दो सप्ताह तक बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में संलिप्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि कोर्ट से दो सप्ताह के लिये बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 21 मई निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है। मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल की न्यायिक हिरासत अवधि 21 मई तक बढ़ा दी गई है

### मंत्री के पीएस संजीव लाल को सस्पेंड करने की तैयारी

रांची। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव व झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव लाल को निलंबित करने की तैयारी की जा रही है। ईडी के द्वारा उन्हें 6 मई की देर रात में ही गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें ईडी के रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। ऐसे में सरकार उन्हें सस्पेंड करने की तैयारी कर रही है। जल्द ही इस संबंध में संचिका बढ़ायी जायेगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सहमति के बाद इस संबंध में कार्मिक विभाग आदेश जारी करेगा।

### मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने पर्यटन सचिव मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया। जारी आदेश में कहा है कि शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ओडिशा में चुनाव प्रेक्षक के रूप में पांच मई को ही चले गये हैं। ऐसे में उनके स्थान पर मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### पुरी से दिल्ली के लिए ग्रीष्मकालीन ट्रेन शुरू

**रांची।** रेलवे की ओर से झारखंड बिहार ओड़िशा से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को नयी सौगात मिली है। रेलवे की ओर से पुरी से आनंद विहार तक एक विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन परिचालित होगी। भारतीय रेलवे ने ओडिशा के पुरी से झारखंड, बिहार के साथ उत्तर प्रदेश से होते हुए नई दिल्ली तक एक और विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन शुरू करने का फैसला किया है। रेलवे ने इस संबध में एक नोटिफिकेशन जारी कर बताया है की यह ट्रेन 24 जून 2024 तक प्रति सोमवार को पुरी से आनंद विहार जायेगी। वापसी के वक्त प्रत्येक बुधवार को आनंद विहार से पुरी के लिए प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जवापुरा, हरिचंदपुर, केदुझारगढ़, नयागठ कॉस, बासपानी, डोगापोशी, चाईबासा, चांडिल, मुरी और बोकारो स्टील सिटी समेत अन्य स्टेशनों पर होगा।

# खूंटी में झामुमो का तीर तोड़ निशाना साध रहे अर्जुन, लोहरदगा में चमरा लिंडा के निर्दलीय होने से इंडी प्रत्याशी को खतरा !

## बसंत लोंगा पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित, जबकि चमरा लिंडा को किया सिर्फ निलंबित

**कुबेर सिंह**

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए और इंडी के प्रत्याशियों ने अपनी जीत सुनि‍िश्चित करने के लिये वोट काटो की रणनीति तैयार कर रही है। लोकसभा के प्रथम चरण खूंटी में जहां एक ओर एनडीए अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिये दावं अपना रही है, वहीं, लोहरदगा में झामुमो विधायक चमरा लिंडा के खड़ा होने से इंडी प्रत्याशी सुखदेव भगत और एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव की जीत पर ग्रहण लगने की संभावना बढ़ गयी है। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, एनडीए ने इंडी प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का वोट काटने के लिये झामुमो के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को खूंटी से निर्दलीय खड़ा किया है। हालांकि, एनडीए की ओर से यह बात सामने आई है कि लोकतंत्र के इस पर्व में किसी को भी चुनाव लड़ने का अधिकार है। इधर, लोहरदगा से मिली खबर के मुताबिक, चमरा लिंडा ने झामुमो से बगावत कर निर्दलीय लड़ने के फैसले और चुनावी माहौल में चमरा लिंडा की सभी में आये समर्थकों ने इंडी प्रत्याशी और एनडीए प्रत्याशी पर खतरा मंडरा रहा है। राजनीतिक विशेषज्ञों के मुताबिक, चौथे चरण के चुनाव में चमरा लिंडा दोनों प्रत्याशियों के लिये मुश्किल पैदा कर सकते हैं। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि जिन- जिन सीटों पर पार्टी छोड़ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा है, वे लोग सिर्फ वोट काटने के लिये ही मैदान में खड़े हैं।

दूसरी ओर यह भी बात सामने आ रही है कि झामुमो अंदरूनी रूप से अपने पार्टी के लोगों को सीट हासिल करने के लिये ही मैदान में उतार रही है। पर, पार्टी के द्वारा बगावत कर रहे विधायकों व पूर्व विधायकों को निलंबन और निष्कासन कर अपना पल्ला झाड़ रही है। गौरतलब हो कि अबतक झारखंड मुक्ति मोर्चा से दो लोगों ने ही पार्टी के खिलाफ जाकर नॉमिनेशन किया है। एक झामुमो का विधायक चमरा लिंडा है और दूसरा पूर्व विधायक बसंत लोंगा। झामुमो ने अपने दो नेताओं पर महागठंधन के खिलाफ निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने को लेकर दो अलग-अलग तिथि में कार्रवाई की है। चार मई को पार्टी ने अपने पदाधिकारी बसंत लोंगा को गठबंधन के खिलाफ चुनाव लड़ने और पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल रहने के आरोप में पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के निष्कासित कर दिया। वहीं दूसरी कार्रवाई में चमरा लिंडा को केवल निलंबित किया गया है। चमरा लिंडा को पार्टी ने महागठबंधन धर्म के विरुद्ध कार्य करने, चुनाव लड़ने के आरोप में सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी सदस्यता से निलंबित किया है। चमरा लिंडा और बसंत लोंगा का अपराध एक ही है।

लेकिन, एक ही अपराध के लिए दोनों को अलग-अलग सजा मुकर्रर की गयी। चुनावी माहौल में इससे यह सवाल खड़ा होने लगा है कि चमरा लिंडा पर हल्की-फुल्की कार्रवाई करने के पीछे झामुमो का क्या मकसद हो सकता है। क्योंकि वे विधायक हैं इसलिए या फिर लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी में वापसी का द्वार खुला रखा गया है। झामुमो के एक और बागी विधायक लोबिन हेंब्रम ने भी राजमहल से विजय हांसदा के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। पार्टी उनके नाम वापसी की तारीख तक इंतजार कर रही है।

# बुंडू में वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण में सुस्ती व वोटिंग प्रतिशत कम पर सीईओ ने जतायी नाराजगी

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया बुंडू में मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार निरीक्षण कर निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को रांची के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का उन्होंने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या 69 और राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 72 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण व अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की। इस कार्यय में शिथिलता बरते जाने पर सीईओ ने नाराजगी जतायी और कई निर्देश दिये।

**पदाधिकारी की लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अगर संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही से किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई, तो कड़ी कार्रवाई होगी। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य समय पर संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेंडर तय है। जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है, उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है। उन्होंने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया। साथ ही शिथिलता बरते जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका और वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही एएसडी की अपूर्ण सूची को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की सहायता के लिए नियुक्त किये जाने वाले वालिंटियर से संबंधित सूची और मतदान केंद्र जागरूकता समूह की सूची का भी अवलोकन कर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# मंत्री आलमगीर आलम को अपने पद से देना चाहिए इस्तीफा : संतोष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कांग्रेस सांसद धीरज साहु के यहां हुई ईडी की कार्रवाई में मिले सैकड़ों करोड़ रुपये के बाद एक बार फिर ईडी की कार्रवाई सुर्खियों में है। गत सोमवार की सुबह ईडी की टीम ने राजधानी रांची में कुल 9 स्थानों पर छापेमारी की थी। जिसमें ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल के नौकर जहांगीर आलम के घर से 35.23 करोड़ रुपये बरामद हुए। जिसके बाद चुनावी माहौल में राजनीति और गरमा गई है। जेडीयू के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड में गरीब, आदिवासी, दलित का हक मारा जा रहा है। मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर के घर से ईडी की छापेमारी में बरामद पैसा उसका उदाहरण है। इस स्थिति में राज्य में राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए।संतोष सोनी ने कहा है कि मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल के जैसा राज्य में ऐसे कई लोग है, जिन्होंने कमजोर समाज के लोगों के हक-अधिकार को मार कर पैसा अकूत दौलत इक्कठा किए है। इतनी बड़ी मात्रा में मंत्री के पीएस के नौकर के घर से कैश मिलना कोई आम बात नहीं है। इस घटना की जितनी निंदा की जाये कम है, मंत्री आलमगीर आलम को अब लाभ के पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। नैतिकता के आधार पर उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने राज्यपाल से निवेदन है कि राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार और ईडी कार्रवाई में भारी मात्रा में मिल रहे कैश को देखते हुए, तत्काल गठबंधन सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की अनुशंसा करे।

# रांची में ड्रग्स की बिक्री नहीं रुकने पर हाईकोर्ट नाराज, डीजी सीआईडी से मांगी एक्शन टेकेन रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची शहर में ड्रग्स के खरीद- बिक्री को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने मौखिक नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा है। रांची एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी राजधानी में ड्रग्स खरीद बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहे हैं। ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए, ड्रग्स खरीदी बिक्री के जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा। पुलिस केवल छोटे-छोटे ड्रग्स विक्रेताओं को ही पकड़ रही है। ड्रग्स खरीद बिक्री के मुख्य सूत्रधार अभी भी खुले घूम रहे हैं जिस कारण ड्रग्स के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। कोर्ट ने मामले में डीजी सीआईडी को ड्रग्स की खरीद बिक्री पर रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के मेंबर सेक्रेट्री को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में जिन थाना क्षेत्र में ड्रग्स की खरीद बिक्री अभी भी चल रही है वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की है। इसके अलावे जो पुलिस अधिकारी ड्रग्स की खरीद बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। अपने मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी ड्रग्स की रोकथाम पर राज्य की पुलिस एजेंसी के साथ मिलकर कार्रवाई करने को कहा है। बता दें कि राजधानी रांची में ड्रग्स की खरीद बिक्री को लेकर छपी खबर को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया था। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाले खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने कहा था कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल है उन्हें चिन्हित किया जाए और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी थी। कोर्ट ने कहा कि नशे के शिकार युवाओ की जिंदगी बर्बाद हो रही हैं। नशे का प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दरअसल, कोर्ट के संज्ञान में यह बात आई कि राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में ड्रग्स जिसमें ब्राउन शुगर, गंजा आदि शामिल है, का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बीते दिनों 16 मार्च, 19 मार्च, 21 मार्च को सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर, गांजा आदि की बिक्री करने वालों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा राजधानी रांची के अन्य क्षेत्रों में भी ड्रग्स का यह कारोबार चल रहा है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले में संज्ञान लिया है।

# इंडी गठबंधन ने राज्य की अर्थव्यवस्था पर डकैती की : सुदेश

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीत की पटकथा लिखेगा एनडीए : अर्जुन मुंडा

- जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं
- बुंडू में एनडीए की बैठक आयोजित, कई लोगों ने थामा आजसू का दामन
- खूंटी लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने को लेकर बनी रणनीति



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं। इनका उद्देश्य सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करना है। यह सरकार जनजाति वर्ग का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रही है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस समाज के गौरवपूर्ण विरासत को सुरक्षित और अक्षुण्ण रखते हुए उनके विकास के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एनडीए की बैठक में कही। मौके पर केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित रहें। इस दौरान कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन राज्य की अर्थव्यवस्था पर डकैती किया है राज्य को खोखला कर दिया है। राज्य का आलम देख रही है जनता। ये सरकार राज्य के बेरोजगार युवाओं का गुनहगार है। गुनाह की सजा लोकतंत्र की अदालत में मिलेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल के कार्यकाल में सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। इन्होंने अपने कारनामों से राज्य का नाम पूरे देश में बदनाम किया है। नीति, नियोजन का वादा कर सत्ता में आने वाले लोग खान संपदा को लूटने में मग्न हैं। जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए हम आपसी समन्वय और साझेदारी के साथ खूंटी समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वगत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में आवश्यक राजनीतिक परिवर्तन में आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। हर गांव हर घर तक अपनी पहुँच बनाए और पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करें। बैठक में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री सह एनडीए के खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि एनडीए का हरेक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को फिर से एकबार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मेहनत कर रहा है। इस परिश्रम का सुखद परिणाम चार जून को देखने को मिलेगा। कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीत की पटकथा लिखेगा एनडीए। खूंटी की जनता देश में सुशासन और दूरगामी लक्ष्य रखने वाली सरकार बनाने के लिए अपना मतदान हमारे पक्ष में अवश्य करेगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी गंजल ईकिर मुण्डा, रमेश मुण्डा, जिप सदस्य विजय मानकी, केंद्रीय सचिव सुधा मुण्डू, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, अडकी प्रमुख कृष्ण सिंह मुण्डा, तमाड प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, बुण्डू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, राधिका देवी, दुति कृष्ण मुण्डा, उमेश नायक, हरदेव महतो, सुनिता देवी, प्रेम कुमार गुप्ता, कन्हाई सिंह, योगेश्वर महतो, सुमित्रा देवी संतोष महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### इन्होंने ली सदस्यता

चरण उरांव, कारण उरांव,भकतु उरांव, अशोक दास, पुरनु मुंडा, जितेन उरांव, अजीत मुंडा, दिलीप यादव, मुकेश उरांव ,शालित उरांव, समीर उरांव, विष्णु उरांव, मुकेश उरांव, लालू उरांव, मुनिश उरांव, लखिन्द्र उरांव, अजीत उरांव, दीपक उरांव ,पिंकी कुमारी, पूजा देवी सनोका देवी पुष्पा देवी, सुपति देवी, कोकिला देवी, विशोला देवी (अड़की), विशोला देवी (बुंडू), कुसुम देवी बसंती कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रदीप महतो समेत अन्य कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# बीपीएससी से नियुक्त राप्रसे के 142 अफसरों की वरीयता सूची जारी

## सूची जारी होने से आइएएस संवर्ग में प्रमोशन का रास्ता होगा साफ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के 142 अफसरों की वरीयता सूची जारी कर दी है। ये अफसर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की ओर से नियुक्त किये गये थे। राज्य गठन के बाद इन्होंने झारखंड कैडर चुना था। अब राज्य प्रशासनिक सेवा के तहत इन अधिकारियों की एक जनवरी 2024 की तिथि से औपबंधिक रूप से वरीयता का निर्धारण कर दिया गया है। वरीयता सूची के निर्धारण के बाद राज्य सेवा के अफसरों का आइएएस संवर्ग में प्रमोशन का रास्ता भी साफ हो गया है।

**यूपीएससी के निर्देश के बाद वरीयता सूची निर्धारित :** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति देने के समय इस बिंदु पर गंभीरता से विचार किया गया। यूपीएससी ने भी इस ओर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। इससे पहले बीपीएससी से नियुक्त हुए अफसरों की वरीयता सूची निर्धारण का मामला लंबे समय से झारखंड सरकार के समक्ष विचाराधीन था। यूपीएससी के द्वारा उठाये गये बिंदुओं के बाद सरकार ने यह निर्णय विचार करने के बाद लिया है।

### कार्मिक ने जारी किया आदेश

बीपीएससी से नियुक्त अफसरों की वरीयता सूची निर्धारण का आदेश कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया है। साथ ही वैसे पदाधिकारियों से आपत्ति मांगी है, जिन्हें इस औपबंधिक वरीयता सूची में आपत्ति है। सरकार ने आपत्ति के लिए एक महीने का समय दिया है। आपत्ति के बाद फिर से एक नई सूची जारी की जाएगी।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
08.05.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 293

पेज 12- कुलगाम में मुठभेड़, दो आतंकी मारे गये


स्व. भुखला भगत
पूर्व मंत्री वन एवं पर्यावरण बिहार सरकार
पूर्व विधायक विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र
आपसे जुड़ाव पुराना है जिद है अब तो बदलाव लाना है झारखण्ड के बेहतर कल के लिए...
लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024
लोहरदगा लोकसभा से कर्मठ, शिक्षित, जुझारू निर्दलीय उम्मीदवार
रंजीत भगत को चुनाव चिन्ह फुटबॉल खिलाड़ी छाप क्रम संख्या 13 पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनायें
रंजीत भगत
पुत्र स्व0 भुखला भगत
B.Tech (Mech. Engg.)
NIT Jamshedpur, LLB (Delhi University)


## न्यूज डायरी

### झामुमो ने चमरा लिंडा पार्टी ने किया निलंबित

**रांची।** झामुमो के बागी विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव में पार्टी से टिकट नहीं मिलने के कारण वे लोहरदगा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। इसी वजह से झामुमो की केंद्रीय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर पार्टी ने उन्हें निलंबित करते हुए सभी पदों से मुक्त कर दिया है। इससे संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है।

### असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने राजमहल से पॉल सोरेन को बनाया प्रत्याशी

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झारखंड में भी असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम राज्य में दो लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी। मंगलवार को राजमहल सीट के लिए प्रत्याशी की भी घोषणा कर दी गयी। एआइएमआइएम झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष मो. शाकिर ने बताया कि राजमहल के लिए पार्टी ने पॉल सोरेन को अपना उम्मीदवार बनाया है। सोमवार को पॉल सोरेन अपना नामांकन करेंगे। साथ ही मो शाकिर ने बताया कि पार्टी गोड्डा लोकसभा सीट के लिए बुधवार को प्रत्याशी के नाम का एलान करेगी। यहां पर पार्टी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट देगी।

### चाईबासा व गुमला के बसिया में चुनावी सभा, मोदी सरकार पर बरसे राहुल गांधी

# केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो आदिवासियों को देंगे सरना कोड

**क्या कहा राहुल ने**

- पीएम मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया, हम देश के करोड़ों लोगों को लखपति बनायेंगे
- भाजपा पर संविधान बदलकर और आरक्षण खत्म करने का लगाया आरोप



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाईबासा/गुमला।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा और गुमला के बसिया में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने सिंहभूम से प्रत्याशी जोबा मांझी और लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत एवं खूंटी से कालीचरण मुंडा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की।

चाईबासा के टाटा मैदान और गुमला के बसिया में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दलित पिछड़ों के लिए यह विशेष चुनाव है, इंडी गठबंधन में हम सब मिलकर संविधान की रक्षा करने में जुटे हैं। उन्होंने गरीब परिवारों को लखपति बनाने का वादा किया। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को नौकरी देने का भी वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि हम परमानेंट नौकरी देंगे और ठेकेदारी प्रथा वाली नौकरी खत्म करेंगे। राहुल गांधी ने वादा करते हुए आरक्षण बढ़ाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो आदिवासी को सरना कोड दिया जाएगा। मनरेगा मजदूरों को 400 रुपये प्रतिदिन मजदूरी दी जायेगी। राहुल गांधी ने कहा कि आज मीडिया आदिवासियों की आवाज कभी नहीं उठाती। बड़े-बड़े एंकर में एक भी आदिवासी चेहरा दिखाई नहीं देगा। राहुल गांधी ने संविधान की कॉपी दिखाते हुए लोगों से कहा कि यह देश की आवाज है और भाजपा वाले इसे फाड़कर फेंकना चाहती है। आपको जो भी अधिकार मिला है इसी किताब ने दिया है। (शेष पेज 11 पर)

**हर परिवार की एक महिला को ₹1 लाख देंगे**

राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया, अब कांग्रेस देश के करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सबसे पहले गरीब परिवारों की सूची बनाएगी। देश में करोड़ों परिवार हैं जो गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं। इसमें आदिवासी, दलित, पिछड़े ज्यादा हैं। हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुनेंगे, उस महिला के बैंक अकाउंट में एक लाख रुपए हर साल डाले जाएंगे।

### स्क्रूटनी में 22 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

# झारखंड में 96 उम्मीदवार छठे चरण की चुनावी रेस में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए मंगलवार को स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि राज्य में छठे चरण में स्क्रूटनी के बाद कुल 96 प्रत्याशी मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि 22 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रद्द कर दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि छठे चरण में 118 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। 9 मई तक नाम वापसी की अंतिम तारीख है। उन्होंने बताया कि स्क्रूटनी के दौरान गिरिडीह से 7, धनबाद से 3, रांची और जमशेदपुर से 6-6 प्रत्याशियों का नॉमिनेशन रद्द किया गया। स्क्रूटनी के बाद गिरिडीह में 18, धनबाद में 25, रांची में 27 और जमशेदपुर में 26 प्रत्याशी मैदान में डंटे हैं।

**सातवें चरण में पहले दिन 3 प्रत्याशियों ने किया नामांकन :** सात मई को सातवें चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी की गयी। इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गयी। इस चरण के लिए झारखंड में पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। राजमहल से एक और गोड्डा से दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। दुमका संसदीय सीट से पहले दिन कोई भी नामांकन नहीं हुआ। बता दें कि सातवें चरण के नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई है। वहीं 15 मई को स्क्रूटनी और 17 मई नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है।

### भ्रष्टाचार पर वार — मंगलवार को भी पांच जगहों पर पड़ी ईडी की रेड

# बिल्डर राजीव सिंह के यहां ₹1.5 करोड़ मिले हाल में ₹10 करोड़ के लेन-देन का पता चला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ईडी की टीम ने मंगलवार को भी रांची में पांच जगहों पर एक साथ छापेमारी की। जानकारी के अनुसार डोरंडा में रहने वाले बिल्डर राजीव सिंह के ठिकाने से डेढ़ करोड़ रुपये कैश बरामद किया गया। ईडी ने जांच में पाया है कि इसने 10 करोड़ रुपये हाल के दिनों में लेन-देन किया है। इसके अलावा पथ निर्माण विभाग में एसडीओ अजय मुंडा के कांके के पतरा टोली स्थित पैतृक आवास पर ईडी की छापेमारी की गयी। वहीं सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ रातू में एक और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां भी छापेमारी की गयी। इधर आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

मालूम हो कि सोमवार को ईडी ने छापेमारी कर ₹35.23 करोड़ बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने देर रात मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया।



### संजीव लाल और जहांगीर से ईडी छह दिनों तक करेगी पूछताछ

**₹35.23 करोड़ नकद बरामदगी का मामला**

**रांची।** छापेमारी में 35.23 करोड़ रुपये नकद की नकद बरामदगी मामले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और संजीव के सेवक जहांगीर आलम से ईडी आज 8 मई से अगले छह दिनों तक पूछताछ करेगी। इससे पूर्व मनी लाउंड्रिंग मामले में गिरफ्तार संजीव कुमार लाल एवं जहांगीर आलम को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया। पेशी के साथ ईडी की ओर से पूछताछ के लिये 10 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की गई। ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने कहा कि काफी बड़ी मात्रा में नोट बरामद हुई है। पूछताछ के बाद मामले में और बड़ा खुलासा हो सकता है। वहीं बचाव पक्ष ने 10 दिनों की पुलिस रिमांड का विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों से पूछताछ के लिए इडी को छह दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए 18 मई तक के लिए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। आज ईडी दोनों को जेल से अपने साथ ले जायेगी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने चुनाव आयोग के कार्यों पर जताया संदेह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद चुनावी आंकड़े जारी करने में देरी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग के काम के तौर-तरीके पर संदेह जताया है। चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराते हुए खड़गे ने इंडी गठबंधन के नेताओं से अपील की है कि इस तरह की गड़बड़ियों पर आवाज उठाएं।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडी गठबंधन में शामिल दलों को लिखे पत्र में कहा है कि पहले और दूसरे चरण के मतदान के अंतिम प्रतिशत आने में देरी हुई। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट हवाला देते हुए यह भी लिखा है कि तीसरे चरण के लिए वोटरों की लिस्ट भी जारी नहीं की गई है, यह परेशान करने वाली बात है। खड़गे ने कहा है कि चुनाव आयोग एक ऐसी संस्था है जिसे आम लोगों की सामूहिक कोशिशों से बनाया गया है लेकिन इन सारी चीजों से चुनाव आयोग के काम करने के तरीके पर गहरा संदेह पैदा होता है। उन्होंने कहा है कि वोटिंग फीसद और हर पोलिंग स्टेशन पर कितने फीसदी वोट हुए इसकी जानकारी 24 घंटे के भीतर आयोग को देनी चाहिए। पिछले दो चरण के मतदान का चुनाव आयोग से जो डेटा सामने आया है उसमें कई अहम जानकारी नहीं दी गयी।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

**आम सूचना**

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

**राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष**

TOLL FREE
Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024
Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950

**जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष**

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

PRNO 324540 (Election) 24-25
# इस बार दिन भर मतदान

# रांची से टाटा तक रेल लाइन बिछवायेंगे, यह मेरा संकल्प है : अर्जुन मुंडा



बुंडु में आजसू के संवाद कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो।

- खूंटी के भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री ने आजसू के संवाद कार्यक्रमों में लिया भाग
- विकसित भारत बनाने के लिए 13 मई को कमल छाप पर बटन दबाने का आह्वान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**बुंडू/जमशेदपुर।** मंगलवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू में केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने एनडीए के घटक दल आजसू के द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी से विकसित भारत, विकसित खूंटी बनाने के लिए 13 मई को मतदान करने की अपील की।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी राष्ट्र निर्माण में लगे हैं और इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दूसरी तरफ ऐसे लोग चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके पास न कोई मिशन है न कोई विजन। आज राज्य में खनन माफिया राज्य के बालू को बाहर भेज दे रहे हैं लेकिन अगर कोई गरीब अपना घर बनाना चाह रहा है तो उसे बालू नसीब नहीं हो रहा है।

श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार में भ्रष्टाचार हावी है, जहां भी छापे पड़ रहे हैं, वहां से करोड़ों मिल रहे हैं। यह राज्य के लिए दुर्भाग्य है । झारखंड राज्य को बनाने के लिए कई लोगों ने आहुति दी है, कई गोलीकांड हुए हैं, जिसकी जिम्मेदार भी कांग्रेस ही है। इसी कांग्रेस के साथ मिलकर राज्य की सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम कर रही है, जहां मंत्री के पी.ए. के नौकर के घर करोड़ों रुपए मिल रहे हैं। कांग्रेस लंबे अरसे तक शासन में थी लेकिन उसने अलग झारखंड की मांग को हमेशा लटकाने का काम किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है । रांची से टाटा तक रेलवे लाइन बने यह हमारा संकल्प है। शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़े ये हमारा संकल्प है। कृषि क्षेत्र में हम बेहतर करें ये हमारा संकल्प है।

श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल संसद में पास कराकर हमारी सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। 2029 में जब चुनाव होगा, संसद में 33 प्रतिशत महिलाएं चुनकर संसद में जाएंगी। इस ऐतिहासिक बिल को भी कांग्रेस ने वर्षों से लटकाकर रखा था।

### कई गांवों का भी किया दौरा

श्री मुंडा ने आज तमाड़ विधानसभा के विभिन्न गांवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया और सभी से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है।



## मानगो मंडल के हर कार्यकर्ता हर बूथ को करें मजबूत : लक्ष्मण

**जमशेदपुर।** भाजपा मानगो मंडल की तत्वाधान में आज हर बूथ को मजबूत करने का और हर कार्यकर्ता को पूरी तरह से चुनाव में लगने का आग्रह किया । चुनाव के निमित लोकसभा के मानगो मंडल के प्रभारी सह पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने आज भाजपा मंडल के तत्वाधान में आयोजित भवन सह बूथ सत्यापन कार्यक्रम में उपस्थित हुए पूर्व विधायक भाजपा मानगो मंडल के प्रभारी के रूप में लक्ष्मण टुडू जी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबंध करते हुए कहा कि आप प्रत्येक बूथ तक जाएं, प्रत्येक बूथ पर अध्यक्ष सचिव एवं सभी सम्मानित पदाधिकारी से मिले कार्यकर्ताओं से मिले एवं उन सभी को यह बताएं कि किस तरह से हमें चुनाव में कार्य करना है, उनके साथ ही भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ भाजपा नेता हरि किशोर तिवारी ने भी अपने उद्बोधन रखें। बताया कि कार्यकर्ता किस तरह से नई कार्यशाला पर कार्य करेंगे और प्रत्येक बूथ को 370 ने कार्यकताओं के साथ जोड़ने का कार्य करेंगे, और हर बूथ को मजबूत करेंगे। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के इसी उद्देश्य के साथ आज का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन मानगो मंडल महामंत्री धर्मेंद्र कुमार एवम धन्यवाद ज्ञापन संतोष उपाध्याय ने किया।

## छह प्रत्याशियों का नामांकन रद

**जमशेदपुर।** सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडू की उपस्थिति में कलेक्ट्रट सभागार, जमशेदपुर में निवार्ची पदाधिकारी 9-जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र अनन्य मित्तल द्वारा नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की गई। प्रत्याशी, प्रस्तावक व इलेक्शन एजेंट की मौजूदगी में स्क्रूटनी की प्रक्रिया संपन्न हुई, पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। सभी नामांकन पत्रों की क्रमवार स्क्रूटनी के उपरांत 06 प्रत्याशियों का नामांकन कतिपय त्रुटियों के कारण रद्द घोषित किया गया। नामांकन रद्द होने वाले प्रत्याशियों के नाम निम्नवत हैं- 1. मंगल हेम्ब्रम, अखिल भारतीय झारखण्ड पार्टी, संजीव कुमार कुंडू, निर्दलीय, पिंकी महतो, निर्दलीय, दुर्गा लाल मुर्मू, निर्दलीय, असित कुमार सिंह, निर्दलीय, दिलीप कुमार टुडू, निर्दलीय। बता दें कि लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 09 .05 .2024 निर्धारित है।

## पोस्टल बैलेट : दूसरे दिन 58 लोगों ने डाले वोट

**जमशेदपुर।** चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मतदाता तथा आवश्यक सेवाओं के मतदाता जिनके लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण में लोकसभा चुनाव होना है उनके मतदान के लिए बनाये गए अलग-अलग मतदान केन्द्र में दूसरे दिन कुल 58 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया । इस दौरान चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मतदाताओं (श्ङ्क३ी१ ङ्क्ल ए ी३ङ्क्ल ॐ४३८) के लिए एसडीओ कार्यालय धालभूम में बनाये गए मतदान केन्द्र में पलामू संसदीय क्षेत्र के 8, सिंहभूम के 27 तथा लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के 10 मतदाताओं ने मतदान किया । वहीं आवश्यक सेवाओं(ए२२ील्ल३ ' री१५ूी२) के मतदाताओं के लिए आईटीडीए कार्यालय में बनाये गए मतदान केन्द्र में 13 लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया।

## शीर्ष वरीयता प्राप्त वीएम रंजीत ने ऋषिराज शेखावत को हराया

**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे टाटा स्टील एआईटीए मेंस नेशनल रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट (1 लाख पुरस्कार राशि) 2024 में मेंस सिंगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पहुंच गए हैं। दिन के शुरुआती दौर में तमिलनाडु के शीर्ष वरीयता प्राप्त वी एम रंजीत ने ऋषिराज शेखावत को सीधे 6-

# आदिवासियों का आरक्षण और अधिकार खत्म करना चाहती है भाजपा : राहुल गांधी

- कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चाईबासा में जोबा मांझी के पक्ष में की जनसभा
- कहा-देश में नौकरी से ठेका प्रथा को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जायेगा
- कहा-देश को बचाना है तो सिंहभूम सीट पर तीर-धनुष पर वोट देकर जोबा को जितायें



चाईबासा में जोबा माझी के पक्ष में एकजुटता दिखाते राहुल गांधी, कल्पना सोरेन व इंडिया गठबंधन के अन्य नेतागण और कार्यक्रम को संबोधित करते राहुल गांधी (इनसेट में)।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा/जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य चुनावी सभा के जबाव में आज सिंहभूम सीट पर झामुमो सह इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में राहुल गांधी ने बड़ी चुनावी सभा की। इस सभा में मंच पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, श्रीमती कल्पना सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमो सह इंडिया प्रत्याशी जोबा माझी समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित थे। राहुल गांधी की चुनावी सभा के बाद यहां इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं में नये सिरे से जोश भर गया है। सभा की सफलता से प्रत्याशी जोबा माझी भी गद्गद् दिखीं। सिंहभूम सीट पर 13 मई को मतदान है और यहां सीधा मुकाबला एनडीए प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा और इंडिया प्रत्याशी जोबा माझी के बीच है।

चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए इंडिया महागठबंधन समर्थित झामुमो की प्रत्याशी जोबा मांझी के लिए वोट की अपील की

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की इस चुनावी जनसभा में राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि आरक्षण, संविधान में बदलाव, आदिवासियों पर अत्याचार, आदिवासियों के अधिकार, आरक्षण समाप्त करने के लिए भाजपा तीसरी बार केंद्र सरकार में सत्तारुढ़ होना चाहती है। इन मुद्दों के अलावा अन्य कई मुद्दे पर राहुल गांधी ने मोदी सरकार चारों तरफ से घेरने की कोशिश की। उन्होंने गरीब परिवारों की महिला सदस्य को साल में एक लाख रुपए दिये जाने के इंडी गठबंधन के वादे को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने केवल 22 उद्योगपतियों को अरबपति बनाया है जबकि इंडी गठबंधन देश के करोड़ों लोगों को लखपति बनाने की योजना लेकर आया है। नौकरी में ठेकेदारी प्रथा को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया जायेगा। हर बेरोजगार परिवार के एक सदस्य की नौकरी पक्की होगी।

राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड की जल, जंगल, जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। इसे कोई छीन नहीं सकता है. लेकिन मोदी सत्ता में आये तो जल जंगल जमीन अदानी को दे देंगे और आदिवासियों को भीख मांगने भेज देंगे. राहुल गांधी ने कहा कि उनकी सरकार बनी तो सभी गरीबों की लिस्ट बनेगी जिसमें आदिवासी, दलित, गरीब अल्पसंख्यक सब होंगे।

## पटमदा में सीएम चंपई सोरेन और कल्पना की चुनावी सभा 12 को



खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटमदा।** राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन व पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन 12 मई की सुबह दस बजे जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने हेलीकेप्टर से पटमदा आयेंगे। मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने पटमदा सीओ विजय कुमार महतो के साथ हेलीकेप्टर उतराने के लिए हैलीपेड व लोगों के बैठने के लिए बनने वाली पंडाल का स्थल निरीक्षण दिघी पंचायत के लोवाडीह स्थित मैदान में किया है। विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि सभा मे पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन व झामुमो कल्पना सोरेन को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। लोगों को सुरक्षित लाने की जिम्मा सभी प्रखंड समितियों को दिया गया है। स्थल निरीक्षण के बाद सीओ ने मैदान को उपयुक्त बताते हुए कहा कि चुनावी सभा के लिए चयनित जगह के चारों ओर वाहन पार्किंग के लिए

## सांसद विद्युतवरण ने गांधी आश्रम में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान

- लोगों से भाजपा के पक्ष में समर्थन का मांगा आशीर्वाद
- बिरसानगर एवं बर्मामाइंस मंडल के चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन



बिरसानगर में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते भाजपा प्रत्याशी सह जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को सांसद बिद्युत महतो ने जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा क्षेत्र के सीतारामडेरा मंडल अंतर्गत बाराद्वारी स्थित गांधी आश्रम देवनगर में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष गुंजन यादव, सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा समेत आश्रम से जुड़े लोग मौजूद रहे। जनसंपर्क अभियान के तहत सांसद बिद्युत महतो ने आश्रम के लोगों संग बैठक कर चुनावी चर्चा की। वहीं, उन्होंने लोगों से 25 मई के दिन भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु अपना आशीर्वाद और समर्थन देने की अपील की।

## पश्चिमी सिंहभूम जिला और नगर कांग्रेस के कई प्रमुख कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल कर स्वागत करते प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा/जमशेदपुर।** चाईबासा में मंगलवार को लोकसभा कार्यालय में नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी के जिला इकाई और चाईबासा नगर इकाई के पदधारी वरिष्ठ भाजपा में शामिल हुए, जिन्हें प्रदेश महामंत्री सांसद प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, लोकसभा संयोजक गीता बालमुचू ने माला के साथ भाजपा का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। प्रदीप वर्मा ने कहा कि आप सबों को जोहार नमस्कार। आपके भाजपा में जुड़ने से पार्टी और मजबूत हुई है। आपके अनुभव का लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा। आपको पूरा सम्मान पार्टी में मिलेगा। आप सभी पार्टी के अनुभवी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जोर शोर से लग जायें जिससे सिंहभूम सीट से गीता कोड़ा भारी मतों से जीत कर मोदीजी के अबकी बार सिंहभूम सहित 400 पार के आह्वान पर सफल होकर मोदीजी को फिर देश का प्रधानमंत्री बना सकें।

## राष्ट्रवाद को क्षत्रिय वोट, पर शासन से दूर करने की साजिश बर्दाश्त नहीं : शंभु सिंह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय संघ ने लोकसभा चुनाव तथा राष्ट्र में वर्तमान स्थिति को देखते हुए आज शाम 5:00 बजे से क्षत्रिय भवन कदमा में संघ के केंद्रीय पदाधिकारी तथा इकाई अध्यक्ष और महामंत्री के साथ एक बैठक आयोजित की जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को नजर रखते हुए एवं राष्ट्रहित में किसको वोट दिया जाए इस पर खुली चर्चा की गई। सभी ने अपने-अपने मन की बात रखी। संघ के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह ने कहा कि क्षत्रियों का इतिहास गौरवमय में रहा है। प्रत्येक क्षत्रिय में इतनी क्षमता जरूर है कि वह अपने साथ-साथ 10 वोटो को दिलवाने की ताकत रखता है। जब भी राष्ट्र पर कोई संकट आया है हमने पूरे परिवार को छोड़कर उसे संकट को पहले देखा है। हमारे बच्चे, युवा, महिला एवं बुजुर्ग सभी में राष्ट्र प्रेम कूट-कूट कर भरा है।

## भाजपा प्रत्याशी ने आदित्यपुर में किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

- मोदी जी के जन कल्याणकारी कार्यों और कार्यकर्ताओं की मेहनत से खिलेगा कमल : गीता कोड़ा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम लोकसभा के सरायकेला विधानसभा अन्तर्गत आधारशिला टावर रोड नंबर 4,में आर आई टी मंडल का चुनावी कार्यालय का उदघाटन भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रिय प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कार्यकताओं के अपार उपस्थिति में किया। गीता कोड़ा ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने सभी वर्गों के लोंगों के लिये जनकल्याणकारी कार्य 10 वर्षों से किये हैं, जिससे जनता उत्साहित है मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए, आप सभी जागरूक कार्यकर्ता हैं आप सभी के उत्साह और रात दिन के मेहनत से इस बार सिंहभूम लोकसभा में खिलेगा कमल फूल। उन्होंने कहा कि इंडि गठबंधन वाले जनता की पैसों को लूटने में ही ब्यस्त हैं,उन्हें जनता की कोई चिंता नही है,ये लोग भरस्ट्राचार और लूट को ही प्राथमिकता देकर जनता को ठगने गुमराह करने में लगे हुए हैं।सभी जानते है अलग झारखंड राज्य भारतीय जनता पार्टी ने ही किया, सराईकेला खरसावां जिला भी भारतीय जनता पार्टी ने ही बनवाया। राज्य के मुख्यमंत्री को उनके झूठ पर कोरा जबाव चाईबासा में मोदीजी ने यह कह कर दिया कि जब तक मोदी जिंदा है आदिवासियों, पिछड़ी जातियों, दलितों का आरक्षण कोई खत्म नही कर सकता। मोदी के जिंदा रहते संविधान कोई बदल नही सकता, ये जनता को बताना है। इनलोंगों के यहां से कभी 300 करोड़ तो कभी 30 करोड़ से ज्यादा रुपये काली कमाई के मिलते हैं,जनता सब देख रही है इन्हें जवाब जरूर मिलेगा। गीता कोड़ा ने कहा कि आपसभी के स्वागत ने मेरी कार्य क्षमता को और बढ़ाया है। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमितेश अमर, जिलाध्यक्ष उदय सिंगदेव, पूर्व मेयर बिनोद श्रीवास्तव, पूर्व उपमेयर अमित बॉबी सिंह, गणेश माहली, रमेश हांसदा, उषा पांडे, दीनानाथ शर्मा, जगदीश मंडल, चंद्रमा पांडे, भोगेंद्र झा, रामानंद सिंह, सुनील श्रीवास्तव, लालन शुक्ला, शैलेश शर्मा, मिंटू पांडे, अनिल मिश्रा, रणधीर गुप्ता, राजेश चौधरी, राजेश नाग, अनुराग श्रीवास्तव, नुनु झा, लक्ष्मण राय, चवधेश्वर ठाकुर व कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



आदित्यपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच सिंहभूम सीट की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा।

## एक नजर में

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सुरक्षित : राजा पीटर



**तमाड़।** खूंटी लोकसभा का चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है पूर्व मंत्री राजा पीटर जी का भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा जी के पक्ष में चुनावी दौरें तेज हो गयी है। मंगलवार को पूर्व मंत्री राजा पीटर ने तमाड़ के कैनल रूट का दौरा किया एवं ग्रामीणों से वार्ता की और कई गांव में लोगों से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को वोट देकर विजई बनाने की अपील की। इसी दरमियान प्रेम नगर नवाडीह में प्रचार को तेज गति देने के लिए बिरसा विकास समिति का कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश काफी मजबूत हुआ है आज विदेश में भी नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व की सराहना हो रही है आज कोई भी हमारे सीमा पर आंख दिखाएं तो उसको मुंहतोड़ जवाब नरेंद्र मोदी जी की सरकार दे रही हैं। इसलिए देश की मजबूती के लिए अर्जुन मुंडा जी को वोट देकर भारी से भरी बहुमत से विजय बनाना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जो भी अधूरी जन समस्याएं हैं उन समस्याओं का निराकरण का वादा मैं करता हूं। बस आप लोग भाजपा को वोट देकर विजयी बनाएं।

### बिरसा विकास समिति की आरती ने अड़की प्रखंड में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में मांगा वोट



**अड़की।** बिरसा विकास समिति की संरक्षक आरती राजा पीटर ने अड़की प्रखंड के जारंगा सोसोहातु पिस्काहातु और सिंदरी गांव में खुंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से भाजपा को जिताने की अपील की। उन्होंने सबसे पहले सिंदरी की बिरसा विकास समिति की सक्रिय सदस्या सुगिया कुमारी से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली क्योंकि कुछ दिनों पूर्व उनका पैर फ्रैक्चर हो गया था वहीं महिला सदस्यों से भेंट कर उनको आगे काम का दिशा निर्देश दिया। फिर लोगों से जनसंपर्क कर मिली और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उनके साथ बिरसा विकास समिति के जादु पाहन, जयपाल पातर, मनोरमा देवी, रंभा देवी, मान सिंह, सरमनी देवी, मुकेश पातर, कुसुम देवी, मुखिया चितरंजन सिंह मुंडा, दुती कृष्ण सिंह मुंडा भी थे।

### मां पूनम टीवीएस शोरूम का तीसरा वर्षगांठ मना



**चांडिल।** चांडिल डैम रोड स्थित मां पूनम टीवीएस शोरूम का तिसरा वर्षगांठ केक काटकर मनाया गया। शोरूम को फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया। शोरूम के प्रोपराइटर सपन कुमार साव ने कहा कि तीसरा वर्षगांठ पूर्ण होने के अवसर पर चांडिल के मां पूनम टीवीएस शोरूम के ग्राहकों को किसी भी बाईक की खरीदारी करने पर आकर्षक छूट दिया जा रहा है। इस मौके पर महंत इंद्रानंद सरस्वती, समाजसेवी राकेश वर्मा, प्रकाश कुमार, संजय चौधरी, दिपु जयसवाल, मधु बनर्जी, मनोज सिंह, सजल कर्मकार, पीयूष दत्ता, अरुण सिंह, मृत्युंजय सोनी, राजेश सिंह, रोहित पाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### एसडीएम शुभ्रा रानी ने बंटवायी मतदान पर्ची



**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी चांडिल प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तालेश्वर रविदास के साथ मंगलवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रैयाड़दा गांव पहुंची। इस दौरान एसडीएम ने बूथ संख्या 222, 223 एवं 224 के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। एसडीएम ने मतदान के दौरान बूथ की सुविधाओं का निरीक्षण किया एवं दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने मतदाताओं के बिच मतदाता पर्ची का वितरण किया।उन्होंने बीएलओ से इस संबंध में जानकारी लिया। मालूम हो कि आगामी 25 मई को रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदान है।

### भक्त मंडली ने महिला के ऑपरेशन का खर्च उठाया



**गम्हरिया।** श्री शनिदेव भक्त मंडली ने सामाजिक दायित्व के तहत सतवाहिनी के जमालपुर निवासी महिला कवि भगत (59) के गोल ब्लडर आपरेशन में आर्थिक सहयोग किया। कवि भगत का पति उसे वर्षों पहले छोड़ दिया था। वह रेजा का काम कर किसी तरह जीवन-यापन कर रही थी। गोल ब्लडर में पथरी के असहनीय दर्द से तड़पती कवि का इलाज पैसे के अभाव में रुक गया था। वह इलाज के लिए गांव के कई लोगों से मदद मांगी लेकिन किसी ने मदद नहीं की। इसकी जानकारी गांव के लक्खी कांत महतो को हुई तो उन्होंने मंडली के सदस्य दीपक महतो के माध्यम से उसकी मदद की गुहार लगाई। मंडली सदस्यों ने इसे गंभीरता से लेते हुए उसे अस्पताल में आपरेशन करवा पथरी निकलवाया। उक्त ऑपरेशन में खर्च हुए करीब 43 हजार रुपए खर्च का बिल मंडली सदस्यों ने भुगतान कर उसे अस्पताल से छुट्टी कराकर उसके घर पहुंचाया। इस कार्य में मंडली संरक्षक देवब्रत घोष, सचिव उज्ज्वल घोष, मंटू सिंह मोदक, लख्खी कांत महतो, दीपक महतो, गौरांगौ धर, मानिक गोराई, देव प्रकाश गोराई, आशीष बनर्जी आदि का योगदान रहा।

# निकृष्ट चरित्र?

कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दशार्या है। आरोपी सांसद का दुस्साहस देखिए कि वह मतदान के दिन तक चुनाव क्षेत्र में रहा और फिर जर्मनी भाग गया। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पौत्र और पूर्वमंत्री एचडी रेवन्ना के पुत्र प्रज्वल के यौन उत्पीड़न व दुराचार दशार्ते करीब तीन हजार वीडियो सार्वजनिक हुए। चुनाव प्रचार के दौरान वीडियो पेन ड्राइव के जरिये बांटे जाते रहे। निस्संदेह इस मामले के खुलासे की टाइमिंग के राजनीतिक निहितार्थ हैं। वहीं भाजपा के एक नेता ने एक साल पहले भाजपा नेतृत्व को पत्र लिखकर चेताया था कि प्रज्वल के कुकृत्यों की पेन ड्राइव कांग्रेस के पास पहुंच चुकी है। जिसका उपयोग लोकसभा चुनाव में हथियार के रूप में किया जाएगा। सवाल भाजपा नेतृत्व पर भी है कि हकीकत से वाकिफ होने के बावजूद क्यों प्रज्वल रेवन्ना को गठबंधन के सहयोगी कोटे से टिकट दिया गया? जब राज्य में कांग्रेस की सरकार है तो एक साल पहले जानकारी होने के बावजूद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? दरअसल, एक समुदाय विशेष में एचडी देवगौड़ा परिवार की पकड़ होने की वजह से भाजपा व कांग्रेस कड़ी कार्रवाई से बचते रहे हैं। बहरहाल, इस सेक्स स्कैंडल के उजागर होने और उसके बाद तमाम सफाई के बावजूद जनता दल सेक्यूलर और उसकी सहयोगी भाजपा को राहत मिलना मुश्किल है। जीवन में दुराचार की पराकाष्ठा देखकर भी आंखों पर पट्टी बांध लेते हैं। वे इस शर्मनाक कांड की व्याख्या अपनी सुविधा के अनुसार कर रहे हैं। एक पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार का सांसद अपने घर में काम करने वाली महिलाओं तक को न बख्शे, इससे ज्यादा शर्मनाक क्या हो सकता है।

# मणिपुर का संकट

जातीय संकट से जूझ रहे राज्य में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के विरोध में आदिवासी एकजुटता मार्च कालांतर हिंसक संघर्ष में बदल गया था। इसके बाद मणिपुर की घाटी में रहने वाले मैतेई व पहाड़ियों में रहने वाले आदिवासी कुकी समुदाय के बीच हिंसक झड़पे शुरू हो गई थीं। इस राज्य में दो सौ से अधिक लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। इतना ही नहीं, संघर्ष में हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं। जो विभिन्न शरणार्थी शिविरों में अपने दिन गुजार रहे हैं। यह विडंबना ही है कि केंद्र व राज्य सरकारें दोनों समुदायों के बीच उत्पन्न मतभेदों को दूर करने में विफल रही हैं। जिसके चलते राज्य में शांति व सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो पायी है। विपक्षी दल कुशासन व अक्षमता के आरोप लगाकर लगातार मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की मांग करते रहे हैं। लेकिन भाजपा उनके साथ लगातार खड़ी नजर आई। हालांकि, बीते साल स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि पूरा देश मणिपुर के साथ खड़ा है। यह भी कि केंद्र और राज्य सरकारें इस जटिल मुद्दे के समाधान के लिये यथासंभव प्रयास करेंगी। हालांकि, कई बार केंद्र सरकार की ओर से हिंसा प्रभावित राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार की बात भी कही गई। केंद्र की राजनीति में मणिपुर की बड़ी भूमिका नहीं होती, इसलिए इस संकट के समाधान की तरफ गंभीर पहल नहीं हुई। दरअसल, राज्य से दो ही सांसद चुने जाते हैं, इसलिये चुनाव को लेकर शेष भारत जैसी गहमागहमी राज्य में नजर नहीं आई। इसके बावजूद अच्छी बात यह है कि इस दुःस्वप्न के बाद भी मणिपुरियों की लोकतंत्र में आस्था को कम नहीं किया जा सका। आवश्यकता है इस राज्य के घाव पर मरहम लगाने की।

# नई सरकार के गठन के बाद की चुनौतियां


**चार जून** को लोक सभा चुनाव नतीजों में चाहे जिसकी जीत हो, अगली सरकार के सामने बड़ी चुनौतियां रहने वाली हैं। इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ता कि पूरी तरह गठबंधन सरकार बनेगी या एक दल के बहुमत वाली सरकार, इन चुनौतियों से बिना आपसी सहमति के निजात नहीं मिलेगी। बड़ी राजनीतिक-आर्थिक चुनौतियों से केवल संसदीय बहुमत से निजात नहीं पाई जा सकती है। नई सरकार बनने के एक या दो वर्ष बाद तीन चुनौतियां सामने आएंगी। रोजगार की चुनौती शाश्वत है ही। पहली चुनौती होगी 2021 की जनगणना जिसे कोविड के कारण लगातार टाला गया है।

कुछ तबकों को आशंका है कि जनगणना का इस्तेमाल संसदीय परिसीमन के लिए किया जाएगा और इसे भविष्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (ठफ्ळ) से जोड़ा जाएगा। इससे भविष्य में लोक सभा सीट और कर हिस्सेदारी को लेकर उत्तर-दक्षिण तनाव बढ़ सकता है।इसके बाद महिला आरक्षण विधेयक की बारी आती है। उसके क्रियान्वयन के लिए लोक सभा सीट की संख्या में इजाफा करना जरूरी होगा। मोदी सरकार ने कानून पास करते समय इसके क्रियान्वयन को अगले कार्यकाल के लिए टाल कर सही किया। यानी इसे परिसीमन और लोक सभा सीट में इजाफे के बाद लागू किया जाएगा।

**राजनीतिक दृष्टि से विस्फोटक होगी अगली जनगणना**

अगली जनगणना राजनीतिक दृष्टि से विस्फोटक होगी और उससे सावधानीपूर्वक निपटना होगा। क्रियान्वयन तथा व्यापक असर दोनों ही मामलों में सावधान रहना होगा। यानी कम से कम सरकार को यह घोषणा पहले करनी होगी कि उसके परिणाम एनआरसी के क्रियान्वयन के लिए नहीं इस्तेमाल होंगे। परंतु अगर अल्पसंख्यक इस पर आश्वस्त हों तो जनगणना के नतीजे यह तय करेंगे कि किस राज्य में लोक सभा की कितनी सीट होंगी। अगर अधिक आबादी वाले हिंदी भाषी क्षेत्रों की सीटों में समुचित इजाफा नहीं हुआ तो यह सही नहीं होगा। दूसरी ओर अगर लोक सभा सीट की संख्या को मौजूदा स्तर पर रोकने का प्रयास किया गया तो इसके लिए भी राजनीतिक लड़ाई लड़नी होगी। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु का उदाहरण उचित रहेगा। इन दोनों राज्यों की





**- आर जगन्नाथ**

> अगर सभी सीटों में 50 फीसदी का इजाफा किया जाता है, यानी मान लिया कि उन्हें 543 से बढ़ाकर 800 किया जाता है तो ये मुद्दे गायब हो जाएंगे। कुल सीटों को बढ़ाकर 800 करने से उत्तर–दक्षिण तनाव कम होगा क्योंकि सभी राज्यों में सांसद बढ़ेंगे। कुछ में ज्यादा तो कुछ में कम। एक सांसद वाले छोटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर जगह सांसद बढ़ेंगे।

मौजूदा आबादी के मुताबिक 25.7 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में केवल 80 सीट हैं। यह भारत की 141 करोड़ की आबादी का 18 फीसदी और लोक सभा सीटों का 14.7 फीसदी है। तमिलनाडु को देश की 5.1% आबादी के साथ 7.1% लोक सभा सीट। तमिलनाडु को देश की 5.1 फीसदी आबादी के साथ 7.1 फीसदी लोक सभा सीट मिली हैं। उत्तर प्रदेश की आबादी के प्रतिनिधित्व को इस तरह सीमित करना एक व्यक्ति एक वोट के विचार से मेल नहीं खाता।

परंतु क्या यह तर्क सही है। 1960 और 1970 के दशक में जब भारत के लिए अपनी आबादी का पेट भरना भी मुश्किल था तब कोई भी अच्छी जनसंख्या नीति प्रजनन दर कम करके 2.1 फीसदी की प्रतिस्थापन दर पर लाने का प्रयास करती। जब भारत की कुल प्रजनन दर पहले ही 2.1 से कम है और तमिलनाडु की 1.8 या उससे कम है तो हम प्रजनन दर में गिरावट को अच्छे प्रदर्शन का मानक कैसे मानें?अगर आबादी को स्थिर रखने के लिए कुल प्रजनन दर का लक्ष्य राज्यों में प्रजनन की दर को 1.9 से 2.1 के बीच रखना है तो तमिलनाडु का प्रदर्शन कमजोर है, न कि बेहतर। जब आबादी की चुनौती की प्रकृति बदलती है तो प्रदर्शन के मानक भी बदलने चाहिए। ऐसे में यह दावा कि दक्षिण के राज्य जनांकीय आधार पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, केवल तभी सही होगा जब कुछ दशक पहले की बात की जा रही हो। मौजूदा हालात में तो मानक बदलने ही होंगे। यही बात महिला आरक्षण कानून पर भी लागू होती है। अगर मौजूदा सांसदों में से एक तिहाई को महिलाओं के लिए जगह खाली करनी पड़ी तो सभी दलों, खासकर भाजपा में भारी विरोध होगा। परंतु अगर सभी सीटों में 50 फीसदी का इजाफा किया जाता है, यानी मान लिया कि उन्हें 543 से बढ़ाकर 800 किया जाता है तो ये मुद्दे गायब हो जाएंगे। कुल सीटों को बढ़ाकर 800 करने से उत्तर-दक्षिण तनाव कम होगा क्योंकि सभी राज्यों में सांसद बढ़ेंगे। कुछ में ज्यादा तो कुछ में कम। एक सांसद वाले छोटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर जगह सांसद बढ़ेंगे।एक अन्य विकल्प है लोक सभा में सीट गंवाने वाले राज्यों को राज्य सभा में कुछ अतिरिक्त सीट प्रदान करना। परिसीमन और महिला आरक्षण की समस्या को ऐसे ही समझौतों से हल किया जा सकता है। अंतिम और सबसे अहम चुनौती रोजगार की है। सच यह है कि तकनीक एक नई चुनौती के रूप में सामने आई है। दिक्कत रोजगार की नहीं बल्कि उनकी गुणवत्ता की है। तकनीक मध्यम स्तर को नुकसान पहुंचाता है जबकि फिलहाल इसी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण रोजगार हैं।तकनीक रोजगार बाजार पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के असर डालती है। शीर्ष स्तर पर उच्च कौशल वाले रोजगार की भारी मांग है। निचले स्तर पर चूंकि टेक कंपनियां अधिकांश कामों को सरल बनाती हैं इसलिए वहां कम कुशल या अकुशल लोगों के लिए काफी अवसर होते हैं।

इसके लिए जरूरी कौशल मामूली समय और पैसे से हासिल की जा सकती है। परंतु कम कुशल श्रमिकों की आपूर्ति बढ़ने से वेतन पर दबाव पैदा होता है। जबकि बैंक, विनिर्माण, दूरसंचार, टेक कोडिंग आदि ऐसे रोजगार हैं जो मजबूत मध्य वर्ग बनाते हैं। तकनीक आय को उच्च और निम्न वर्ग में बांटती है जबकि मध्य वर्ग खतरे में नजर आता है।इस चुनौती का जवाब केवल कौशल बढ़ाना नहीं बल्कि क्षेत्र विशेष के मुताबिक कौशल हासिल करना है। इसका अर्थ है रोजगार पर बात करते हुए जिला या नगरपालिका जैसे क्षेत्रों को भी ध्यान में रखना होगा। इसके लिए केंद्र और राज्य ही नहीं बल्कि स्थानीय निकायों को भी अधिकार संपन्न होना चाहिए। मुंबई महानगर क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले रोजगारों और मराठवाड़ा या मिजोरम के रोजगार एक समान नहीं ।

## खास बात

### गति शक्ति

**सुधांशु कुमार**

**'गति शक्ति'** योजना क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली कुछ परियोजनाओं में एक मानी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरूआत की थी। भारत में बड़े आकार की ढांचागत परियोजनाओं का नियोजन एवं क्रियान्वयन सदैव चुनौतीपूर्ण रहा है। परियोजनाओं में विलंब होने से समय एवं धन दोनों की हानि होती है। 'गति शक्ति' परियोजना का समर्थन करने वाले लोगों का कहना है कि इस गतिशकित योजनार से ढांचागत क्षेत्र में कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

हाल में प्रकाशित एक खबर में दावा किया गया है कि इस परियोजना की शुरूआत के पहले छह महीनों में 131 महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं में ढांचागत कमियों का पता चला है और उन्हें दूर करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों का ध्यान आकृष्ट किया गया है।

हालांकि ऐसे लोग ा हैं जिन्हें नहीं लगता कि 'गति शक्ति' अभियान एक क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। ऐसे लोगों का कहना है कि सूचना आधारित यह परियोजना ढांचागत विकास की राह में पेश आने वाली चुनौतियां दूर करने में कुछ हद तक ही योगदान दे सकती है। उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि अधिकारी सूचनाओं के आदान-प्रदान में सक्रियता नहीं दिखाएंगे और पारदर्शिता लाने और नई पहल करने के प्रयास में बाधा पहुंचाएंगे। गति शक्ति पोर्टल में उद्योग जगत, खासकर परिवहन एवं ढांचागत खंड, के लोगों ने काफी दिलचस्पी दिखाई है। पिछले महीने प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से गति शक्ति मिशन के तहत उपलब्ध कराई जा रही सूचनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

मगर यह स्पष्ट नहीं है कि निजी क्षेत्र गति शक्ति परियोजना से उत्साहित होकर ढांचागत परियेजनाओं में निवेश करने के लिए प्रेरित होगा या नहीं। वर्तमान में यह कहा नहीं जा सकता कि निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) प्रारूप के तहत सरकार की तरफ से किया गया भारी निवेश रंग लाएगा या नहीं। प्रश्न यह है कि क्या गति शक्ति अपने वायदे पर खरा उतर पाएगी?

यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है - ये हमारे लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। जब तक कांग्रेस का एक भी कार्यकर्ता सच्चाई के लिए खड़ा है, तब तक भारत में नफरत नहीं जीत सकती - और हम एक नहीं, करोड़ों हैं।

**- राहुल गांधी कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

**सिंहभूम** लोकसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी श्रीमती जोबा मांझी के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित किया। सिंहभूम के हर गांव, हर पंचायत और हर चुनावी सभा में परिवर्तन की लहर स्पष्ट तौर पर महसूस की

**- चंपई सोरेन, सीएम**





**अगर** कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दौर में सकारात्मक पहल हुई होती तो हमारा अयोध्या धाम दशकों पहले ही आस्था और भक्ति का वैश्विक केंद्र बन चुका होता। लेकिन उन्हें अपने वोट बैंक से आगे कुछ दिखाई ही नहीं देता। **- नरेन्द्र मोदी**

# महर्षि परशुराम

## धर्म-प्रवाह

**रौशन सांकृत्यायन**

धरती में महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, वीर हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय और भगवान परशुराम को चिरंजीवी महायोद्धा माना जाता है। ये हमारी सनातन संस्कृति के ऐसे किरदार हैं, जो हमेशा जीवित रहेंगे। भार्गव वंश में पिता जमदग्नि और मां रेणुका की संतान के रूप में त्रेतायुग में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को जन्मे महर्षि परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। कुछ मान्यताओं के मुताबिक वह स्वयं रुद्र रूप थे। वायु पुराण के मुताबिक भगवान परशुराम का जन्म उनकी मां रेणुका द्वारा शिव और विष्णु दोनों को अर्पित प्रसाद खाने के कारण हुआ था। इस कारण उनमें क्षत्रिय और ब्राह्मण दोनों की विशेषताएं थीं। इसलिए उन्हें रुद्र रूप भी कहा जाता है।

भगवान परशुराम शिव के परम भक्त थे। उनकी घोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें कई दिव्यास्त्र दिए थे, जिनमें एक अजेय हथियार फरसा भी था, जिसे परशु कहते हैं। माना जाता है कि भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ, इसलिए उनकी शक्ति भी अक्षय यानी अपार थी। भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति के एक ऐसे किरदार हैं, जो कई विरोधाभाषी गुणों से सम्पन्न माने जाते हैं। मसलन एक तरफ जहां कुछ लोग उन्हें अत्यंत क्रोधी कहते हैं, वहीं उनके साथ यह मान्यता भी जुड़ी हुई है कि उन्हें कतई क्रोध नहीं आता था।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### निगरानी की जरूरत

**गांवों** में सूक्ष्म स्तर की निगरानी के लिए सिस्टम बनाने की जरूरत है, ताकि लॉकडाउन से प्रभावित परिवारों के बच्चों को बाल श्रम के रूप में काम करने से रोका जा सके,पंचायतें, अन्य ग्रामीण स्तर के अधिकारी साथ ही ब्लॉक के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए कि बच्चे काम न करें और स्कूलों में बरकरार रहें।

**-रविशंकर सिंह, रांची**

### बच्चों को बचाईए

कुछ राज्यों द्वारा श्रम कानूनों की कमजोर पड़ने की समीक्षा की जानी चाहिए और तुरंत बचाव करना चाहिए क्योंकि महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों के साथ बाल श्रम और बाल तस्करी की घटनाओं में वृद्धि हो सकती है। इन अपराधिक घटनाओं को लेकर सचेत रहने की आवश्यकता है। आनेवाले समय में विशेषकर गरीब परिवार के बच्चों को कठिनाई होगी।

**-सुनयना शर्मा, जमशेदपुर**

# बाधा और असहयोग की गिरफ्त में पूरी दुनिया

**सुनीता नारायण**

देशों की एक दूसरे पर निर्भरता समाप्त होती प्रतीत हो रही है। यह दुखद शुरूआत तब हुई है जब उन्हें जलवायु परिवर्तन के संकट का सामना करने के लिए आपस में अधिक सहयोग की जरूरत है।

करीब 30 वर्ष पहले देशों ने एक दूसरे का सहयोग लेकर प्रगति की राह पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया था। विभिन्न देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए और आपस में वाणिज्य-व्यवसाय करने के लिए नियम तय किए। कई मसलों पर सहमति बनी। इनमें जलवायु परिवर्तन से लेकर जैव विविधता और अन्य मसले शामिल थे। इसके दो मकसद थे। एक था पश्चिम जगत के आर्थिक प्रारूप की मदद से पिछड़े देशों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और दूसरा था इससे पारिस्थितिकीतंत्र पर होने वाले असर का प्रबंधन करना। ऐसी मान्यता थी कि इससे सभी देशों की भागीदारी बढ़ेगी और लोग एक दूसरे से जुड़ते चले जाएंगे। लोग इससे आर्थिक रूप से संपन्न होंगे और बर्बरता छोड़कर मानवाधिकारों और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर चलना शुरू करेंगे। 1990 में सोवियत संघ के विभाजन और इसके बाद 2001 में स्वेच्छाचारी साम्यवादी चीन भी व्यापार परियोजना के माध्यम से दुनिया के लोकतांत्रितक देशों के समूह में शामिल हो गया। सभी देशों के एक साथ आने से उपभोग में तेजी आई जो आर्थिक वृद्धि में तेजी का कारण बनी। अब यह व्यापक सोच का ताना-बाना पूरी तरह बिखर गया है। यूक्रेन पर रूस का हमला ही इसकी एकमात्र वजह नहीं है बल्कि कई देश

## समस्या

ऊर्जा से लेकर अनाज की आपूर्ति में व्यवधान को लेकर चिंतित और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वे आपसी सहयोग एवं निर्भरता के सिद्धांतों का परित्याग कर अपने आप में सीमित होने की राह पर चल निकले हैं।

उदाहरण के लिए अर्जेंटीना अपनी जरूरत से 10 गुना अधिक खाद्यान्न का उत्पादन करता है मगर अब उसने गोमांस, अनाज एवं सोया के निर्यात पर भारी शुल्क लगा दिया है। दुनिया में पाम तेल के सबसे बड़े उत्पादक देश इंडोनेशिया ने इसका निर्यात पूरी तरह रोक कर दुनिया को मुश्किल में डाल दिया है। खाद्य सुरक्षा का विषय अचानक खाद्य संप्रभुता में तब्दील हो गया है।

ईंधन के दाम में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। रूस से आयात होने वाले तेल एवं गैस पर प्रतिबंध की भी इसमें आंशिक भूमिका रही है। ईंधन महंगा होते देख दुनिया पवन एवं सौर ऊर्जा की तरफ बढ़ रही है। मगर हम इस सच्चाई से भी मुंह नहीं मोड़ सकते कि पेट्रोलियम से बिजली आधरित ऊर्जा के लिए आवश्यक ज्यादातर दुर्लभ मृदा खनिज चीन और रूस में हैं।

ये दोनों देश गैर-लोकतांत्रिक देशों के समूह में गिने जाते हैं। हम यह भी जानते हैं कि बढ़ती बेरोजगारी के कारण कई देश घरेलू स्तर पर विनिर्माण कार्य बढ़ाने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। कई देश अपनी सीमाएं बंद कर रहे हैं और वैश्विक व्यापार से दूरी बरत रहे हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि दुनिया दो ध्रुवों-नेक एवं विनाशकारी सोच वाले- में बंटती जा रही है। जब बढ़ते वैश्विक तापमान के संकट से निपटने के लिए दुनिया को एकजुट होकर सहयोग करने की जरूरत है। हमें पिछले तीन दशकों में की गईं गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए।

हमें दुनिया में बदलती परिस्थितियों का जायजा लेना चाहिए ताकि हम बेहतर प्रदर्शन कर पाएं। पहली समस्या स्वयं वैश्वीकरण परियोजना या वैश्वीकरण की मुहिम से जुड़ी है। वैश्वीकरण का उद्देश्य दुनिया में संपन्नता को बढ़ावा देना ही नहीं था बल्कि सस्ती वस्तुओं एवं श्रम की मदद से वाणिज्य-व्यापार बढ़ाना भी एक प्रमुख लक्ष्य था। जिन देशों में कृषि योग्य भूमि की कमी है वहां गेहूं एवं चावल उगाना कितना मुश्किल है।

# रायसेन किले में रानी दुर्गावती का जौहर

## इतिहास

**रमेश शर्मा**

**सल्तनत** काल के इतिहास में भारत का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहाँ हमलावरों से अपने स्वत्व और स्वाभिमान की रक्षा के लिये भारतीय नारियों ने अग्नि प्रवेश न किया हो। फिर कुछ ऐसे जौहर हैं जिनकी गाथा से आज भी रोंगटे खड़े होते हैं। ऐसा ही एक जौहर रायसेन के किले में 6 मई 1532 को हुआ, जिसमें सात सौ से अधिक महिलाओं ने अपने छोटे बच्चों के साथ अग्नि में प्रवेश किया था। इसकी लपटें मीलों दूर तक देखीं गईं।

यह जौहर महारानी दुर्गावती की अगुवाई में हुआ। महारानी दुर्गावती मेवाड़ के सुप्रसिद्ध योद्धा राणा संग्राम सिंह की बेटी थी। इतिहास की कुछ पुस्तकों में उनकी बहन भी लिखा है। वे चित्तौड़ के सिसोदिया वंश की बेटी थी। स्वाभिमान और स्वत्व रक्षा उनके रक्त की प्रत्येक बूँद में था। शस्त्र चलाना भी जानती थीं। चित्तौड़ में उन्होंने वीराँगनाओं की टोली गठित की थी। उनका विवाह रायसेन के शासक शीलादित्य के साथ हुआ था।

शीलादित्य ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर के भाई थे। शीलादित्य ने खानवा के युद्ध में राणा संग्राम सिंह के साथ बाबर का मुकाबला किया था। खानवा के युद्ध में भारतीय शासकों का भारी नुकसान हुआ था। खानवा युद्ध के बाद बाबर ने कालिंजर पर धावा बोला और गुजरात के सुल्तानों ने मालवा और रायसेन पर। गुजरात के हमलावर रायसेन के किले को जीत तो न सके पर सैन्य शक्ति बहुत कमजोर हो गई थी। कमजोर शक्ति के बाद भी रायसेन में शीलादित्य की सत्ता बनी रही। तब रायसेन जीतने और लूटने के लिये गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने कुटिल योजना बनाई। वह धार आया। उसने नालछा में कैंप किया और अनेक भेंट रायसेन भेजी। महाराजा शीलादित्य को मित्रता संदेश भेजकर धार आमंत्रित किया और धोखे से कैद कर लिया। उन दिनों रायसेन की सीमा उज्जैन तक लगती थी। उज्जैन में शीलादित्य के भाई लक्ष्मण सिंह किलेदार थे। उन्हें यह समाचार मिला तो वे अपनी सेना लेकर रायसेन की रक्षा के लिये चल दिये। यह समाचार बहादुरशाह को मिला। वह बंदी शीलादित्य को साथ लेकर उज्जैन आया और बंदी शालादित्य को आगे करके उज्जैन पर धावा बोल दिया।

यह घटना दिसम्बर 1531 की है। उज्जैन के रक्षकों ने शीलादित्य को बंदी देखा तो बिना संघर्ष के समर्पण कर दिया। उज्जैन में भारी लूट हुई और स्त्रियों का हरण भी। उज्जैन पर अधिकार करने के बाद उसने यही तरकीब सारंगपुर, आष्टा आदि स्थानों पर अपनाई। फिर विदिशा आया। सभी स्थानों पर जमकर लूट हुई। मंदिर ध्वस्त किये और स्त्रियों का हरण किया। अंत में रायसेन आया। उसने रायसेन किले पर घेरा डाला और बंदी शीलादित्य को भारी यातनाएँ देकर किला समर्पित करने का आदेश दिया। बहादुरशाह ने महारानी दुर्गावती को संदेश भेजा कि वे अपने पूरे रनिवास के साथ समर्पण कर दें। समर्पण की अंतिम बातचीत 4 मई 1532 को हुई। यह प्रस्ताव लेकर बहादुरशाह ने अपने एक सिपहसालार मलिक शेर को भेजा। उसके प्रस्ताव को महारानी दुर्गावती एवं किले में मौजूद शीलादित्य के भाई लक्ष्मण सिंह ने इनकार कर दिया। बल्कि उसे बंदी बनाकर मौत के घाट उतार दिया। महारानी ने जौहर करने एवं लक्ष्मण सिंह ने साका करने का निर्णय लिया।5 मई से जौहर तैयारी आरंभ हुई और 6 मई 1532 को सूर्योदय के साथ अग्नि की लपटें धधक उठीं।

किले में जितनी स्त्रियाँ थीं सबने अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ अग्नि में प्रवेश कर लिया। अग्नि की लपटें आसमान छूने लगीं। जौहर की यह अग्नि दिनभर प्रज्जवलित रहीं। स्वाभिमानी क्षत्राणियों और उनके सहयोगी सभी स्त्रियों ने समर्पण करने की बजाय बलिदान होने को प्राथमिकता दी। यह रायसेन के इतिहास में पहला जौहर हुआ। इसके बाद दो और जौहर का उल्लेख मिलता है।अगले दिन 7 मई प्रातः लक्ष्मण सिंह की कमान में निर्णायक युद्ध हुआ और अपनी रक्षा सैन्य टुकड़ी सहित बलिदान हुये। अंत में दस मई को बहादुर शाह का रायसेन के किले पर आधिपत्य हो गया।

## स्पीड न्यूज़

### आइसीएसइ 10 वीं में छिन्नमस्तिके मंदिर के पुजारी की बेटी को 95%



रजरप्पा। रामगढ़ स्थित संत एन्स कैथा के छात्र-छात्राओं ने आइसीएसइ द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षाफल में शानदार प्रदर्शन रहा। रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर के वरीय पुजारी छोटू पंडा की बेटी राशि पंडा ने 95फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय के साथ परिवार का नाम रोशन किया। राशि ने अपनी शानदार सफलता का श्रेय विद्यालय में शिक्षा का माहौल, गुरुजनों और अपने माता-पिता को दिया है। प्राचार्य सिस्टर एनी पॉल, मां पिंकी पंडा, दादा अशोक पंडा, दादी सुषमा पंडा आदि ने राशि को बधाई दी।

### सुशीला गृह उद्योग में निकला लक्की ड्रा



रामगढ़। रामगढ़ के व्यवसायी सुशीला गृह उद्योग सुपर रानी सर्फ के प्रोपराइटर नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू गुप्ता एवं पुत्र विवेक कुमार गुप्ता ने झारखंड और अन्य राज्यों में सुपर रानी सर्फ का विक्रय गुणवत्ता के साथ किया था। उपहार योजना लक्की ड्रा शामिल था। नंदकिशोर गुप्ता ने कहा कि सुपर रानी सर्फ उच्च गुणवत्ता से भरपूर है और हमारे उद्योग द्वारा अंतिम ग्राहकों तक सर्फ की उच्च गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए उपहार योजना का कार्यक्रम लक्की ड्रॉ का आयोजन किया। लक्की ड्रा संपन्न करवाने में डोमन प्रसाद गुप्ता, शिव शंकर साहू, रंजन फौजी उर्फ छोटन, राजेश गुप्ता, विनोद कुमार आदि ने सहयोग किया।

### पटेल की सभा को लेकर बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल 10 मई को कोयलांचल में सभा करेंगे। सभा की तैयारी को लेकर सोमवार को रीवर साईड भुरकुंडा स्थित राजद कार्यालय में इंडिया गठबंधन के श्रमिक संगठन एआईटीयूसी, सीएमयू, सीटू, बीसीकेयू, जेसीएमयू, आरसीएमएस की संयुक्त बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राम नरेश सिंह और संचालन संजय यादव ने किया। बैठक में सभी यूनियन के नेताओं ने सर्वसम्मति से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को समर्थन देने का एलान किया। 10 मई को रीवर साइड भुरकुंडा स्थित कांग्रेस यूनियन कार्यालय में संध्या 4 बजे बैठक सह सभा होगी, जिसमें प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व सांसद सह केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, पूर्व सांसद रमेन्द्र कुमार, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव सह स्टार प्रचारक गिरधारी गोप, संतोष यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, नरेश मंडल, प्रेम साहू, जानकी ठाकुर, नरेश मंडल, संजय यादव, पप्पू सिंह, अमर यादव, कमलेश कुमार, भीम महतो, भागीरथ महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

### कुजू में कोयला कर्मी हुये सम्मानित



कुजू। कर्मवीर सम्मान समारोह मंगलवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत करमा परियोजना के पीट ऑफिस में हुआ। समारोह में मुख्य रूप से सीसीएल कुजू महाप्रबंधक आरके सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 2024 के अप्रैल माह में कोयला उत्पादन, डिस्पैच व मेंटेनेंस आदि में बेहतर कार्य करने वाले कई कोयला कर्मी धीरेन टोप्पो, विनय कुमार, दसई मुंडा, चरित्र सिंह, दिनेश मांझी, कार्तिक, सुरेंद्र मुंडा, रामनरेश रविदास, रामलोचन महतो सम्मानित किया। महाप्रबंधक ने कोयला कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए बल दिया। इससे पूर्व परियोजना पदाधिकारी पवन कुमार द्वारा महाप्रबंधक का स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर मैनेजर चंद्रदीप नारायण, डिस्पैच ऑफिसर राजकुमार, माईनिंग इंचार्ज एसके सिन्हा, पीएम अभिज्ञान कुमार, अनिल कुमार दास आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने चलाया मतदाता जागरूकता



भुरकुंडा (रामगढ़)। मंगलवार को भदानीनगर पुलिस ने ओपी क्षेत्र के भुरकुंडा रेलवे साईडिंग में मतदाता जारूकता अभियान चलाया। ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने मतदाताओं से कहा कि लोकतंत्र में वोट का बहुत महत्व है। आपका एक-एक वोट देश के विकास में अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने मतदाताओं से पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला में आगामी 20 मई को मतदान केंद्रों के विभिन्न बूथों में वोटिंग होगा। आप निर्भिक होकर बिना लोभ-लालच के निष्पक्ष तरीके से मतदान करें। अभियान में भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, सअनि संजय कुमार, कुलेश्वर प्रसाद मेहता, सुकर महतो, रवि शंकर राम, अरविंद कुमार सिंह, भालो यादव सहित साईडिंग में कार्यरत दर्जनों मजदूर शामिल थे।

### प्लस टू विद्यालय बंदा में नामांकन शुरू

गोला( रामगढ़)। गोला प्रखंड स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय बंदा का सत्र 2024-25 इंटर कला, वाणिज्य और विज्ञान का नामांकन प्रारंभ कर दिया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची के द्वारा गोला प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बंदा और मुरुडीह को +2 का मान्यता मिली है। प्रभारी प्रधानाध्यापक इम्तियाज अहमद ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा प्लस टू विद्यालय का मान्यता मिलने के बाद नामांकन शुरू हो गया है। सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चे को +2 की पढ़ाई करने के लिए 10 किलोमीटर की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। अब गरीब बच्चो के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने में बहुत ही आसानी होगी मौके पर अध्यक्ष रेणु देवी, किरण कुमारी, मिथलेश कुमार रविदास, युगल किशोर पटेल, रीना कुमारी, छत्रु महतो, दिलीप महतो, प्रवीन कुमार सिंह, बसंत प्रसाद सिंह, टेकलाल महतो, प्रदीप राम करमाली, जय प्रकाश यादव, वकील अहमद अंसारी, वीरेंद्र कुशवाहा उपस्थित थे।

# आशीर्वाद दें, सांसद बनकर आपके सुख- दु:ख का भागी बनूंगा: मनीष

## भाजपा प्रत्याशी ने रामगढ़ में कई सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों से मांगा समर्थन

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग/ रामगढ़ । भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सोमवार और मंगलवार को रामगढ़ जिले के कई सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के लोगों से मिले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रहित और समाजहित के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रामगढ़ के अलग- अलग जगहों पर जायसवाल ने मारवाड़ी समाज, मधेशिया समाज, सिख समाज, क्षत्रिय समाज, ब्रह्मऋषि समाज, दलित समाज, कुशवाहा समाज, ब्राह्मण समाज, चेंबर ऑफ कॉमर्स, रोटरी क्लब, लायंस क्लब सहित अन्य के साथ बैठक कर भाजपा के पक्ष में 20 मई को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैंने राजनीति हमेशा सेवा भाव से किया है। सामाजिक समरसता, सामाजिक प्रेरणा और सामाजिक दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए हजारीबाग के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा है। जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में हर वर्ग के लोगों का सकारात्मक समर्थन मुझे प्राप्त हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि आशीर्वाद दें, सांसद बनकर आपके सुख- दुःख का भागी बनूंगा। इसके बाद वे रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के करीब 06 वार्डों में जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद किया। इस दौरान कई वार्डों में रामगढ़ जिले के सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के साथ विशेष बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा। वार्ड संख्या-01 में क्षत्रिय महासभा की बैठक में शामिल हुए और इसी वार्ड में शास्त्री नगर का दौरा कर लोगों से अपने लिए आशीर्वाद मांगा। दिनेश पाठक के आवासीय परिसर में ब्राह्मण समाज के साथ बैठक किया। वार्ड संख्या- 04 में कोइरीटोला में दलित समाज के साथ और इसी वार्ड के कुशवाहा धर्मशाला में कुशवाहा समाज के साथ बैठक किया। वार्ड संख्या- 05 में लाइंस क्लब और किसी वार्ड के चेंबर भवन में चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक किया। वार्ड संख्या -06 में पतरातु बस्ती में लोगों के बीच पहुंचे और उनके बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की

# रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे पटेल : अंबा

### 10 मई को पतरातू प्रखंड का दौरा करेंगे कांग्रेस प्रत्याशी

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। पीटीपीएस पांच नंबर रोड स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय में विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में पतरातू प्रखंड स्तरीय इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक का संचालन संयुक्त रूप से कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साहू एवं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष असगर अली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का पतरातू प्रखंड में 10 मई को दौरे को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजयी होंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं व पदाधिकारीयों को निर्देश दिया कि कांग्रेस का जो घोषणा पत्र है उसे जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि 10 मई को कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल का पतरातू प्रखंड में दौरा है। इस दौरान रिभर साईड भुरकुंडा स्थित कांग्रेस कार्यालय में सभा का भी आयोजन किया जायेगा। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार, विधायक अकेला यादव, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया सहित इंडिया महागठबंधन के कई बड़े नेता शामिल होंगे। मौके पर कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, मो. हबीब, चमन लाल, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, मुजफ्फर हुसैन, राजू पांडेय, मुखिया तिलेश्वर साव, मुखिया कोमिला देवी, सुनैना देवी, रूपा देवी, सोनी देवी, खुशबू, मंदाकिनी देवी, पम्मी, राजरानी देवी, योगेंद्र सिंह खरवार, अंजन प्रसाद, नईम अंसारी, हरिदास साव, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, अलीम अंसारी, मुकेश राउत, लियाकत अंसारी, मदन दांगी, राजेश बेदिया, शिबू करमाली, कालेश्वर महतो, रमेश बेदिया, इस्लाम अंसारी, रंजीत सिंह, याकूब राय, जय सिंह, राजा मुंडा, वासुदेव राम, मुनेश्वर बेदिया, रोहित साव, संजीत यादव, विक्कू रजक, रूपलाल साव, डॉ अशोक प्रसाद, बबलू अंसारी, लखन राम, बलदेव राम, मुख्तार अंसारी, चंदन साव, रमाकांत दुबे, सैफुल्ला खालिद, चंद्रदेव करमाली, देवानंद प्रसाद, कुलदीप यादव, बारीक अंसारी, मकसूद आलम, प्रदीप साहु, प्रदीप महतो, शिवनारायण यादव, मोबीन खान, रामशरण गिरी, सोनू अंसारी, शशिकांत प्रसाद, रवि साव, राकेश मुंडा, कमलेश कुमार, दीपक उरांव, शकरुल्लाह अंसारी, पवन यादव, अमरनाथ राम, अभय दुबे, प्रमोद ठाकुर, रामकिशोर महतो, संजय बेदिया, कपिल कुमार, सुनील मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बड़कागांव में भाजपा कोर कमेटी की बैठक

बड़कागांव। भाजपा बड़कागांव विधानसभा के कोर कमिटी का बैठक ब्रजकिशोर जयसवाल जी के आवास में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी , संचालन सह संयोजक अनिल मिश्रा जी, एवम् मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत जी, लोकसाभ संयोजक टुन्नु गोप बड़कागांव विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक लोकनाथ महतो उपस्थिति थे। बैठक में बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाला महतो, केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, पतरातु मंडल अध्यक्ष राजा राम प्रजापति, भुरकुंडा सतीश मोहन मिश्र, भादानी नगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर, पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा, मंडल महामंत्री नरसिंग प्रसाद, इंद्रभूषण, टूकेश्वर प्रसाद, पूनम साव, मूलचंद साव, संतोष शर्मा, शिव शंकर उर्फ.शिबू मेहता, मनीष पांडे, जुगनू सिंह, योगेश कुमार दांगी, बद्रीनारायण सिंह, श्रीकांत निराला, बेचन साव, इंद्र नारायण पंडित, अमित प्रसाद गुप्ता, सोनू कुशवाहा, जयनारायण प्रसाद, उपेंद्र सिंह, रुदल कुमार, उपस्थित थे।

## लपंगा में किराना दुकान से अंग्रेजी शराब व बियर बरामद



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर पुलिस ने सोमवार को ओपी क्षेत्र के लपंगा कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय राजेश साव के किराना दुकान से अवैध शराब व बियर बरामद किया है। मंगलवार को भदानीनगर ओपी में प्रेस कांफ्रेंस में पतरातू एसडीपीओ बिरेंद्र कुमार राम ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि भदानीनगर क्षेत्र के लपंगा में राजेश साव अपने किराना दुकान में अंग्रेजी शराब का कारोबार करता है। इसके बाद एसपी के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन कर राजेश साव के किराना दुकान व घर में छापामारी की गई। इस दौरान उसके दुकान से मैकडॉवेलस व्हिस्की फूल 1 पीस, हाल्फ 4 पीस, नीब 4 पीस, 8 पीएम व्हिस्की हाल्फ 1 पीस, नीब 2 पीस, रॉयल स्टेज व्हिस्की हाल्फ 1 पीस, नीब 3 पीस, किंगफिशर बियर 3 पीस, गॉडफादर केन बियर 6 पीस बरामद किया। अंग्रेजी शराब बिक्री करने के आरोप में राजेश साव को गिरफ्तार उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज जेल भेज दिया। छापामारी में भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, सअनि संजय कुमार सहित कुलेश्वर प्रसाद मेहता, सुकर महतो, रवि शंकर राम, अरविंद सिंह शामिल थे।

### स्कूल खुला पाया तो होगी कार्रवाई: बीईओ

टाटीझरिया । भीषण गर्मी से सरकार ने छह से आठवीं तक की कक्षाएं को बंद रखने का आदेश जारी किया है। लेकिन प्रखंड के कुछ निजी विद्यालय सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं । कोई विद्यालय 9वीं और 10 वीं कक्षा के आड़ में 5 वीं कक्षा से चला रहे है तो कोई छह से विद्यालय संचालित किए हुए है। बीईओ राकेश कुमार ने कहा कि कुछ निजी विद्यालय खुले हुए हैं। मैंने सीआरपी और बिआरपी को आदेश दिया है कि यदि कोई भी प्रखंड में निजी विद्यालय खुला पाया मिलेगा तो इसकी लिखित सूचना करे तुरंत करवाई की जाएगी। सीआरपी दयाल प्रसाद ने कहा की बहुत से विद्यालय ट्यूशन पढ़ाने के बहाने बच्चो को विद्यालय बुला रहे है जिन्हे भी ट्यूशन पढ़ाना हो तो 3 बजे से पढ़ावे विद्यालय के समय में ट्यूशन पढ़ाने के बहाने बच्चो को बुला रहे है वैसे विद्यालय के खिलाफ करवाई की जाएगी।

## भुरकुंडा में खुला मनीष जायसवाल का कार्यालय

भुरकुंडा (रामगढ़)। एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लोकसभा चुनावी कार्यालय का मंगलवार को भुरकुंडा मंडल अंतर्गत जनता टॉकीज के समीप उद्घाटन हुआ। कार्यालय का उद्घाटन बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने किया। लोकसभा चुनाव को ले कार्यालय खुलने से भाजपाईयों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस दौरान लोगों ने भाजपा जिन्दाबाद, पीएम नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद के नारों के बीच भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। उद्घाटन के मौके पर राधेश्याम अग्रवाल, योगेश दांगी, अखिलेश प्रसाद, सत्येंद्र नारायण सिंह, युगल नायक, अमरेश सिंह, सुखदेव प्रसाद, महेंद्र सिंह, अशोक सोनी, संजीव कुमार बावला, राजन पांडेय, ज्योति बाला, ज्योति सिंह, राजेश गुप्ता, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, अनुप कुमार सिंह, अखिलेश टोप्पो, बाबूलाल नायक, देव कुमार सिंह, लक्ष्मी देवी, खुशबू देवी, अंजू देवी, प्रकाश चनायक, कृष्णा यादव, प्रमोद सिंह, कमलेश सिन्हा, अनुपम पाठक, विनोद सिंह, सूरज शर्मा, उमेश सिंह, नागेंद्र सिंह, आकाश साहू, सुरेंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, मनोज राजकुमार साव सहित मंडल के 14 शक्ति केंद्रो के संयोजक, सह संयोजक बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भुरकुंडा में तीन भाजपा नेताओं ने दिया इस्तीफा

### शैलेंद्र झा, बिरेंद्र सिन्हा व रूपेश सिंह ने छोड़ी पार्टी



पिंकु झा


बिरेंद्र सिन्हा


रूपेश सिंह।

भुरकुंडा। पार्टी के उपेक्षा से भाजपा नेताओं का इस्तीफा देने का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को भी रिभर साईड भुरकुंडा के तीन भाजपा नेताओं ने अपने पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। 30 वर्षों से जुड़े रिभर साईड भुरकुंडा निवासी भाजपा कार्यकर्ता सह युवा मोर्चा के पूर्व रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र झा उर्फ पिन्कु ने इस बावत जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता को त्याग-पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र मझा ने कहा कि मैं 1993 से भाजपा का सक्रिय सिपाही रहा हूं। रामगढ़ जिला का युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, रामगढ़ नगर प्रभारी व भुरकुंडा मंडल का दायित्व निष्ठा पूर्वक निर्वाह किया हूं।वर्तमान में मैं बूथ संख्या 379 का अध्यक्ष भी हूं। वर्तमान लोकसभा चुनाव में भुरकुंडा प्रखंड कमेटी द्वारा मेरी अवहेलना की जा रही है। यहां तक की कार्यक्रम की सूचना भी नहीं दी जा रही है। इससे क्षुब्ध होकर पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दुखीमन से त्याग पत्र दे रहा हूं। वहीं रिभर साईड भुरकुंडा निवासी भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता बिरेंद्र कुमार सिन्हा ने भी जिलाअध्यक्ष को पत्र सौंप प्राथमिक सदस्यता से त्याग-पत्र दे दिया है। पत्र में कहा है कि पिछले 35 वर्षोंसे मैं संगठन के कार्य को देख रहा था। बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, पतरातू प्रखंड का दो बार महामंत्री और जिला कार्यसमिति सदस्य के पद पर कार्य कर चुका हूं। प्रखंड कमेटी व जिला कमेटी द्वारा लोकसभा चुनाव में मुझे कार्य से मुक्त रखा गया है। जिससे मैं अपने को उपेक्षित महसूस करते हुए त्याग-पत्र दे रहा हूं। बूथ संख्या 392 के पर्यवेक्षक रूपेश कुमार सिंह ने भी वर्तमान कमेटी द्वारा उपेक्षा करने से आहत होकर जिलाध्यक्ष को त्याग-पत्र भेजा है।

### रामगढ़ में डॉ जमुआर ने भी दिया इस्तीफा



रामगढ़। भाजपा के साथ 2003 से जुडे.रहने वाले डॉ संजीव कृष्ण जमुआर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बताया की वे लंबे समय तक विश्व हिन्दू परिषद से भी जुड़े रहे और विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित विश्व मंगल गौ ग्राम याता का मैं रामगढ़ में संयोजक था। डॉ जमुआर ने बताया कि पार्टी में चिकित्सा प्रकोष्ठा का मैं जिला संयोजक रहा। लेकिन वर्तमान समय में परिस्थिति ऐसी बन गयी है की पार्टी के साथ आगे बढ़ना संभव नही लग रहा है। इसलिए मैं भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं।

## एक नजर में

### कांग्रेस के बुथ अध्यक्षों व पन्ना प्रमुखों की बैठक



बरही। हजारीबाग लोकसभा के इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही प्रखंड अन्तर्गत रसोइयाधमना पंचायत में लोकसभा चुनाव के लिए बरही कांग्रेस प्रखंड कमिटी के द्वारा नियुक्त पंचायत प्रभारी रिजवान अली के नेतृत्व एवं पंचायत अध्यक्ष मो तैय्यब अंसारी की अध्यक्षता में सभी बुथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों की बैठक हुई। नियुक्त प्रभारी रिजवान अली ने बैठक में शामिल सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस बार संविधान की रक्षा करने और अपनो की सुरक्षा के लिए अपना हक अधिकार पाने के लिए एक एक आम मतदाता चुनाव स्वयं लड़ रहे हैं। कहा कि अपना एक एक कीमती वोट इंडिया गठबन्धन को देने को तैयार हैं। इस बार मतदाता बदलाव के मुड़ में हैं। कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार केन्द्र में बननी तय हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया की कांग्रेस पार्टी की गारंटी कार्ड एक एक मतदाता तक पहुंचाने का काम करें। साथ ही बैठक में कांग्रेस पार्टी की गारंटी कार्ड वितरण किया गया। पंचायत अध्यक्ष मो तैय्यब अंसारी ने सभी को कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय गारंटी की बात विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से विजय बनाने के लिए हाथ छाप पर बटन दबाने की अपील किया। बैठक में मुख्य रूप से बरही विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग सह पंचायत चुनाव प्रभारी रिजवान अली, बरही कांग्रेस पार्टी पंचायत अध्यक्ष मो तैय्यब अंसारी, बरही प्रखंड के कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक अध्यक्ष गुलजार अंसारी, बुथ अध्क्ष मो तबरेज अंसारी, मो अख्तर, मो नईम, राजकुमार यादव, एमडी मकसूद, मो मनोवर, अब्दुल गनी, सेराज अहमद, मो सरफराज, शहादत हुसैन, संजय रविदास,एमडी समशेर, मिन्हाज, अख्तर सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

### पटेल ने चरही में चलाया जनसंपर्क अभियान



चरही । मंगलवार को इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने चुरचू प्रखंड क्षेत्र में समर्थकों के साथ चिलचिलाती कड़ी धूप में गाजे-बाजे के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया।उन्होंने दो दर्जन से ऊपर गांवों का पैदल दौरा करते हुए घर-घर जाकर ग्रामीण मतदाताओं से संपर्क किया।और इंडिया गठबंधन कांग्रेस के हाथ छाप पर मतदान करने का अपील किया।मौके पर दौरे में झामुमो संयोजक मंडली के जिला सदस्य नीलकंठ महतो,केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू,बाल कुमार महतो,रविंद्र कुमार,कांग्रेस के सुखदेव प्रसाद यादव,जयप्रकाश यादव,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,धानेश्वर सिंह,अभिजीत सिंह,मुस्लिम अंसारी,नौशाद आलम सहित इंडिया गठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### बड़कागांव में जायसवाल का कार्यालय खुला

बड़कागांव ।थाना रोड में भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं प्रदीप प्रसाद में संयुक्त रूप से किया। कार्यकताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जनता मन बना ली है भाजपा को वोट देना है,जनता ने 400 पार करने का मन बना लिया है। झारखंड में लुटेरों की सरकार है। मंत्रियों के पीए व नौकरों पास करोड़ों रुपए की निकल रहे हैं, तो मंत्रियों का क्या हाल होगा।प्रदीप प्रसाद ने भी भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जीताने के लिए कार्यकताओं में जोश भरी। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,राजू साव,मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी,मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो,रामपति राम, मुकुटधारी महतो, इंद्र भूषण,पुष्कर अग्रवाल,डॉ बालेश्वर महतो,पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद,अनिल मिश्रा,नागेश्वर यादव,संदीप कुशवाह,गौतम वर्मा, तापेश्वर कुमार तापस,रामेश्वर महतो, पूनम साहू,बेचन साव,शिबू कुमार, अवध यादव,जुगेश्वर महतो,ज्ञानचंद कुमार,धनु निराला,प्रदीप दांगी, स्वरूप नारायण,लालमणि महतो, कैलाश साहू,रामचंद्र महतो,रामबली सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्कूल खोलने का आदेश दे सरकार: संदीप

बड़कागांव। झारखंड में अब सभी विद्यालयों को सुबह 6 :00 से 10 :00 तक खुलने का आदेश दे सरकार, बंद रहने से बच्चों का पठन-पाठन कार्य ठप है और उनका भविष्य अंधेरे में है। सरकार ने बढ़ते लू और गर्मी के हवाला देते हुए विद्यालय बंद कराया था। इसके आदेश को पालन करते हुए हम सभी निजी विद्यालय में विद्यालय बंद कर दिया था। जिसके बाद अभी बदलते मौसम को देखते हुए सुबह के 10 :00 बजे तक ठंडा मौसम रहने की वजह से सरकार को पुन विद्यालय खोलने का आदेश देना चाहिए। उक्त बातें बड़कागांव प्रखंड निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष सह बी .एम. मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि वैसे भी लगातार 2 साल कोविड के रहने की वजह से बच्चों का पठन-पाठन में काफी असर पड़ा है और अभी फिर से विद्यालय बंद रहने से बच्चों के पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

### एनडीए प्रत्याशी का चरही में खुला ऑफिस

चरही। हजारीबाग लोकसभा भाजपा के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल का चुनाव कार्यालय चरही के जगदंबा कॉम्प्लेक्स में खुला।जिसका उद्घघाटन मंगलवार को भाजपा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केपी ओझा,अरबिंद सिंह,आजसू हजारीबाग लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो,चुरचु मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,महामंत्री रोहित महतो, संजय साव,आशा राय,सुनिता देवी, शशि साव,डॉ .रामसेवक प्रसाद, प्रवील यादव,राकेश सिंह,योगेन्द्र सिंह,ललन शर्मा,बिक्की सिंह,गौतम सिंह,आशुतोष कुमार,लोकनाथ महतो ,प्रकाश प्रजापति,पारस महतो, बाली चरण साव,देवनंदन साव सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चोरी की स्कार्पियो के साथ युवक गिरफ्तार

दारु। थाना प्रभारी शफीक अंसारी ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पुनाई पंचायत के जरगा से एक सफेद रंग की स्कार्पिओ के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक नाम सुजीत कुमार पिता वकील ठाकुर है जो की टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो का रहने वाला है जिसे चोरी की सफेद् रंग की स्कॉर्पियो वाहन संख्या बी आर 31 पी ए 5286 के साथ जरगा से गिरफ्तार किया गया। इस मामले मे बरामद वाहन बिहार क्षेत्र का है जिसकी बिस्तृत जानकारी नही मिल पायी है।गिरफ्तार युवक को मंगलवार को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

### दो बेटियों की अंतिम यात्रा में शामिल हुये कई लोग

हजारीबाग। झारोटेफ धनबाद जिलाध्यक्ष जय होरो की दो बेटियों की सड़क दुर्घटना में हृदय विदारक मौत के बाद हजारीबाग में शोक की लहर है। हजारीबाग जिलाध्यक्ष शोक व्यक्त करते हुए अपनी पूरी टीम के साथ बुधवार को अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए । झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एंप्लॉय फेडरेशन के जिला अध्यक्ष होते हुए भी जय होरो माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव पद पर आसीन हैं। जिनकी बेटियों की मौत अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने विपरीत दिशा में जाकर कुचल देने से हो गई। बड़ी बेटी अपनी छोटी बहन को डी-नोबिली स्कूल से घर की ओर ले कर प्रस्थान की ही थी कि तेज गति से आती स्कार्पियो डिवाइडर में टकराकर अनियंत्रित होते हुए स्कूटी पर सवार दोनों बेटियों को कुचल डाला। दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने जिलाध्यक्ष रंजीत वर्मा, मधुसूदन कुमार सिंह साथ ही प्रांतीय कमिटी से मुख्य संगठन सचिव रविंद्र चौधरी , प्रांतीय सोशल मीडिया प्रभारी रामविलास पासवान, प्रांतीय प्रवक्ता शिल्पा सुहासिनी एवं कई अन्य साथीगण शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

## स्वीप कोषांग के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



रक्तदान करते युवक व उपस्थित लोग।

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कोषांग के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धर्मनाथ ठाकुर ने युवाओं को 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया। साथ ही शिविर का उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह जिंदगी के लिए एक-एक बूंद खून जरूरी है, उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है।उन्होंने लोगों से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और वोटरों को जागरूक करने के लिए बूथ स्तर पर भी स्वीप कार्यक्रम के तहत तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। रक्तदान शिविर उसी कार्यक्रम का हिस्सा है। रक्तदान शिविर में कुल 25लोगों ने रक्तदान करने हेतु जांच कराया, जिसमें से कुछ के हीमोग्लोबिन की कमी एवं अन्य कारणों से शारीरिक रूप से सक्षम नहीं पाए गए। वहीं कुल 14 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में ऐसे भी लोग पहुंचे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया, तो कुछ ऐसे जो सालों से रक्तदान करते आ रहे हैं।रक्तदान करने वाले सभी लोगों के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर के संयुक्त हस्ताक्षर से रक्तदान प्रमाण पत्र दो दिनों के बाद मिलेगी एवं कप सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय नवीन मेल के संवादाता ने भी एक यूनिट ब्लड डोनेट किया।मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विनय कुमार नायक, गुमला ब्लड बैंक से जीरेन सुरीन, एलटी संगीत कुजूर, गीत कुमारी आदि उपस्थित थे।

## चैनपुर में चमरा लिंडा के चुनावी कार्यालय का किया गया उदघाटन



चुनाव कार्यालय का उदघाटन करते अतिथि।

**चैनपुर।** लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी चमरा लिंडा के चुनाव कार्यालय का उदघाटन रामजान टाना भगत प्लादियुस टोप्पो एवं काफी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के द्वारा मंगलवार को संयुक्त रूप से चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक चौक रोड में किया गया। मौके पर प्लादियुस टोप्पो ने कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। चमरा लिंडा के कार्यकर्ता हर बूथ पर प्रचंड जीत का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। कार्यकर्ता चमरा लिंडा की जीत के लिए बूथ स्तर पर मेहनत कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं का मेहनत चमरा लिंडा को लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल कराएगा। उन्होंने कहा कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की जनता को तय करना है कि झारखंडी सवाल निर्णायक होना चाहिए या सत्ता संघर्ष का हिस्सा बनना है। चमरा लिंडा झारखंड के आदिवासियों मूलवासियों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं चमरा लिंडा सरना धर्म कोड, जल, जंगल, जमीन के रक्षा के लिए आदिवासी मूल वासियों की हक अधिकार को दिलाने के लिए लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। सरना कोड सहित अन्य मामले हैं जो लोकसभा से ही पारित किया जा सकता है उन्होंने कहा कि लोहार तक का संसदीय क्षेत्र की जनता इस बार चमरा लिंडा को अवश्य जीतकर भेजेगा ताकि उनका जमीनी समस्या का समाधान हो सके। उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामजान टाना भगत, बिनोद केरकेट्टा, शहबीर भगत, शिबू भगत, सुभाष उरांव, भगवती उरांव, दिलीप मुंडा, राजेन्द्र भगत, कुलदीप चिक बड़ाईक, रोशन लाल बड़ा, दिलीप टोप्पो, जगतपाल मुंडा, अनूप किंडो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# लोकतंत्र व संविधान को बचाने का है यह चुनाव : चंपई सोरेन

### बसिया में कांग्रेसी प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित विशाल चुनावी सभा संपन्न, भाजपा पर अपने भाषण के दौरान हमलावर रहे सीएम



कार्यक्रम को संबोधित करते राहुल गांधी।



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम चंपई सोरेन।



कार्यक्रम में उमड़ी भीड़।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि यह लोकसभा चुनाव देश के लिए निर्णायक साबित होगा। देश में लोकतंत्र व संविधान को बचाने का यह चुनाव है। 2014 से जब भाजपा सत्ता में आयी तब से झारखंड की परंपरा, संस्कृति व भौगोलिक स्थिति को बदलने का प्रयास किया जा रहा है और झूठ की खेती की। राज्य में सबसे अधिक समय तक भाजपा सत्ता सीन रही है और राज्य को काफी पीछे ले गये। भाजपा बेरोजगारी, महंगाई व आदिवासियों पर बात नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पांच साल में एक बार वोट देने का अवसर मिलता है इंडी गठबंधन के पक्ष में मतदान कर भाजपा को लोग सत्ता से बेदखल करें। सोरेन ने कहा कि भाजपा सत्ता में फिर आयी तो देश का संविधान व आरक्षण को खत्म कर देगी। बीजेपी आदिवासियों को बनवासी करती है। देश में आदिवासियों की परंपरा व अस्मिता को बचाने का प्रयास किया जा रहा। झारखंड की सरकार सरना धर्म को पारित कर केंद्र सरकार को भेज दिया है पर केंद्र की सरकार उसे लटकाए हुए हैं। पिछड़ी जाति का आरक्षण पारित कर राज्य सरकार ने भेजा लेकिन राजभवन उसे लटकाये हुए है। झारखंड में जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी थी तो हर वर्ग के लोगों को पेंशन दिया जा रहा है। पेंशन की राशि से बुढ़े मां-बाप को सकुन मिल रही है। वहीं भाजपा झारखंड को हमेशा लूटना चाहती है। खनिज संपदा से भरे झारखंड को भाजपा लूट का चारागाह बनाना चाहती है। इंडिया गठबंधन झारखंड को बचाने में जुटी है।

## पारंपरिक वाद्य यंत्र लेकर शामिल हुए टाना भगत



बसिया में आयोजित इंडिया गबंधन के चुनावी सभा में टाना भगत समाज के लोग पारंपरिक वाद्य यंत्र लेकर शामिल हुए। कोई भी नेता भाषण देते थे तो टाना भगत लोग यंत्र बजाकर उन्हें प्रोत्साहित करते नजर आये। लेकिन वे अधिक पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाने लगे। जिसे मंच से उनको सही समय पर वाद्य यंत्र बजाने की सहाल दी गई।

**विभिन्न लोगों ने किया कार्यक्रम को संबोधित, भाजपा पर किया हमला**

कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, दयामनी बारला, विधायक इरफान अंसारी, जयप्रकाश कच्छप, विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव, रोशन बरवा, आजाद अंसारी, बॉबी भगत आदि ने संबोधित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर बरसे और कहा कि केंद्र की सरकार यूसीसी लाकर देश में बदलाव लाना चाहती है। संविधान को बदलना चाहती है। आदिवासियों से उनका अधिकार छीनना चाहती है।

**कार्यक्रम में ये थे शामिल**

कार्यक्रम में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक भूषण बाड़ा, विधायक विधायक भूषण तिर्की, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर, विधायक जिग्गा सुसारन होरो, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता, आजाद अंसारी, मंजूर अंसारी, जयशंकर पाठक, रमेश कुमार, सुखैर भगत, चैतु उरांव, बंधु तिर्की, शिव कुमार भगत, प्रत्याशी सुखदेव भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम**

कांग्रेस के चुनावी सभा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखे गये। राहुल गांधी व सीएम चंपई सोरेन के हेलीकाप्टर लैंड स्थल से लेकर कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम थे। कार्यक्रम स्थल आने वाले लोगों की बारीकी से जांच के बाद ही उन्हें सुरक्षा कर्मियों के द्वारा सभा स्थल तक जाने दिया गया।



कार्यक्रम में राहुल गांधी को तस्वीर भेंट करते कांग्रेसी।



कांग्रेस के बसिया में आयोजित चुनावी सभा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक पहुंचे थे। जिसमें इंडिया गठबंधन के कांग्रेस व झामुमो की उपस्थिति अधिक रही। झामुमो के कार्यकर्ता व समर्थक हाथों में पार्टी का झंडा लिये रैली के रूप में कार्यक्रम स्थल पहुंचे और सभा में शामिल हुए। कार्यक्रम में लोगों की भारी उपस्थिति रही।

## मौसम का मिजाज बदला तापमान में गिरावट

**भंडरा।** प्रखंड में मंगलवार शाम को मौसम का बदले मिजाज से लोगो को राहत मिला। दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। तापमान 8 डिग्री कम हो गया है। बढ़ी हुई गर्मी के बीच बारिश होने से गर्मी से परेशान लोगों को राहत महसूस हो रही है। एक सप्ताह से तेज गर्मी से लोग परेशान हो रहे थे। इस बीच में बरसा होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। दोपहर बाद 3 बजे से मौसम का मिजाज बदला, तेज हवा के साथ बादल की गर्जना हुई और बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से किसान भी खुश है किसानों का कहना है कि इस तपती गर्मी में फसलों को रोजाना पानी पटाना पड रहा था। अब बारिश होने से गर्मी में कमी आएगी तो फसलों को काम सिंचाई की जरूरत पड़ेगी।

## आदिवासी, दलित व पिछड़ों को दिए गये अधिकारों और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही है भाजपाः अनुपमा भगत

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के निर्देश पर जिला सचिव अनिल उरांव के नेतृत्व में सोमवार को सुदूर जंगलवर्ती पेशरार प्रखंड के सीरम सहित विभिन्न गांवों में बैठकें एवं सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। झामुमो के जिला सचिव अनिल उरांव के टीम में युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, दिनू भगत, मोजिबुल रहमान बबलू, रोशन ठाकुर, मुखिया भागवत खरवार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विनोद खरवार, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, सीमा भगत, कुरशीला कुजूर, बिमला मिंज आदि मुख्य रूप से शामिल थे। कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव उरांव की अर्धांगिनी सह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत बतौर मुख्यातिथि मौजूद थी। मौके पर भगत ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने देश में महंगाई, बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार को बढ़ाया है। देश की लोकतंत्र और बाबा साहेब के संविधान को बचाने की जंग है। भगत ने कहा कि संविधान में आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों को दिए गए अधिकारों और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही है। इसलिए आप सभी अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए सुखदेव भगत जी को हाथ छाप में बटन दबा कर विजय बनाकर लोकसभा भेजें।

## चैनपुर के टोंगो स्थित सीआरपीएफ कैंप में मनाया गया शहादत दिवस



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के टोंगो ग्राम स्थित सी आर पी एफ कैंप में शौर्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद टी किण्डो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गय। कार्यक्रम में शहीद के परिजनों को शाल एवं प्रस्स्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित सी आर पी एफ 218 बटालियन के कमांडेंट मो खालिद खान ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि टी किण्डो पिता जोसेफ किण्डो कांसीर के गम्हरटोली के रहने वाले थे। जो सी आर पी एफ 33 बटालियन में अपनी सेवा देते हुए त्रिपुरा में हुए आतंकवादी हमले में सन 1997 को शहीद हो गए थे। इसी को लेकर हर साल 7 मई को शहीदों के याद में शहादत दिवस मनाया जाता है और इस दिन शहीद के परिजनों को बटालियन की ओर से सम्मान दिया जाता है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि सी आर पी एफ सभी शहीदों के परिजनों के साथ है उन्हें जब भी कोई परेशानी हो तो वे अपनी समस्या बे झिझक हमारे पास आ सकते हैं। इधर कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को सी आर पी एफ में बहाली प्रक्रिया सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुबेदार मेजर बाबुलाल यादव,संत पीटर के प्राचार्य तेजकुमार बखला,ग्राम प्रधान शिवांति देवी शहीद टी किण्डो की पुत्र वधू मरियम किण्डो सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने स्ट्रॉग रूम का किया निरीक्षण

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित आज मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के पॉलीटेक्निक कॉलेज में अस्थाई रूप से बने डिस्पैच एवं रिसीविंग रूम के स्थल का निरीक्षण किया। उस दौरान उन्होंने ईवीएम कमीशनिंग, स्ट्रॉन्ग रूम समेत अन्य कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और प्रतिनियुक्त कर्मियो को सक्रिय होकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी कोषांगो के वारिया एवं प्रभारी पदाधिकारी भी मौजूद रहें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मटेरियल वितरण हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।।उन्होंने मतदान पदाधिकारियों के लिए आवागमन की सुविधा को दुरुस्त करने की बात कही। इसके आलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने माइक सिस्टम की व्यवस्था करने, शौचालय तथा पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, जिला अपर समाहर्ता, एसडीओ चैनपुर, निदेशक डीआरडीए सहित अन्य सबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## युवती की हत्या कर दफन करने की तैयारी में जुटे आरोपी युवक गिरफ्तार

**किस्को लोहरदगा।** किस्को थाना क्षेत्र में लिव इन रिलेसनसिप में रह रही एक युवती की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार किस्को थाना क्षेत्र के सलैया काशीटांड़ निवासी लालदेव लोहरा की 26 वर्षीय पुत्री बालमुनी लोहरा की हत्या कर उसे दफन करने के प्रयास किए जाने के मामले का खुलासा किया गया। मामला की जानकारी होने के बाद पुलिस शव को बरामद कर पोर्स्टमाटम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही पुलिस इस संदर्भ में किस्को थाना कांड संख्या 13/24, धारा 302, 201, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। वही मामले की पड़ताल की जा रही है। जानकारी के अनुसार किस्को थाना क्षेत्र के नवाडीह निवासी नेजाम अंसारी के पुत्र कल्लू अंसारी के साथ युवती करीब पांच वर्ष से रिलेसनसिप में रह रही थी। इन दोनों का डेढ़ साल का एक बच्चा भी है। ग्रामीणों के अनुसार युवती की हत्या कर इसकी मौत को स्वाभाविक मौत का रूप देने के उद्देश्य से शव को दफ्न करने की तैयारी चल रही थी। परन्तु परिजनों की शिकायत और गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और मामले की पड़ताल कर पुलिस ने आरोपी युवक को भी गिरफ्तार किया है।

## ग्राम सेवा ट्रस्ट गम्हरिया के द्वारा एस एस प्लस टू स्कूल में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



घाघरा। ग्राम सेवा ट्रस्ट गम्हरिया घाघरा के तत्वाधान में एस एस प्लस टू स्कूल घाघरा में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया । इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के पंकज कुमार एवं उत्तम कुमार द्वारा बच्चों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के टिप्स दिए गए। साथ ही साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि हम सभी नागरिकों का कर्तव्य बनता है तथा विद्यार्थियों का कर्तव्य बनता है हम स्वयं के परिवार के लोगों को मतदान के दिन वोट देने के लिए भेजे साथ ही साथ आस पड़ोस के पांच -पांच परिवार के लोगों को भी वोट करने के लिए प्रेरित करें। क्योंकि यह हमारा एक सामाजिक उत्तरदायित्व है हम छोटे-छोटे सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाएंगे तभी जाकर हम भी देश को एक नया नेतृत्व प्रदान कर सकते हैं इस कार्यक्रम में बसंत साहू वीरेंद्र उरांव आरती जी अमर मुकेश पाठक जी साथ-साथ अन्य शिक्षकों का भी इसमें सहयोग रहा।

## भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास विद्या भारती का मूल उद्देश्यः बिपिन कुमार दास

### विद्या मंदिर में दादा-दादी नाना नानी हुए सम्मानित

खबर मंत्र संवाददाता





**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ आगत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया गया। अतिथि परिचय एवं सम्मान का कार्य संपादित करते हुए विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि भैया बहनों को संस्कार एवं अनुशासन की शिक्षा देने के उद्देश्य से दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन विद्या भारती द्वारा किया जाता है। इससे भैया बहनों को अपने बड़े बुजुर्गों का सम्मान करने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, संरक्षक कृष्णा प्रसाद, सचिव अजय प्रसाद, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील सिंह एवं विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास उपस्थित हुए। उपस्थित दादा -दादी, नाना- नानी के स्वागत में बहन आयुषी एवं सहेलियां द्वारा-'प्यारे दादाजी हैं सबसे अनमोल'- यह मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि व्यावहारिक एवं सामाजिक ज्ञान भी प्रदान किया जाता है। भारतीय संस्कृति पर आधारित बड़ों का सम्मान अपने विद्या मंदिरों की मूल विशेषता है। विद्यालय के संरक्षक कृष्णा प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि-'दादा -दादी, नाना -नानी अनुभव के भंडार होते हैं। भैया बहनों को उनके पास प्रतिदिन बैठकर उनसे व्यवहार की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। विद्यालय में संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल ने दादा-दादी से संबंधित कविता की प्रस्तुति की। वहीं अनुप्रिया एवं सहेलियों ने-'माई तेरी चुनरिया'- गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। जया मिश्रा एवं पूर्व छात्रा नेहा कुमारी के द्वारा दादा-दादी, नाना-नानी के पूजन का कार्य संपादित किया गया। भैया बहनों ने अपने दादा-दादी, नाना-नानी को चंदन वंदन, पूजन अर्चन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन का यह दृश्य अत्यंत मनमोहक रहा। अभिभावक कमल महतो ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपना उद्गार व्यक्त किया। सुप्रिया घोषाल एवं जया मिश्रा ने गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्षता कर रहे विनोद राय ने कहा कि दादा-दादी, नाना- नानी परिवार का ऐसा अंग होते हैं जो अपने पोता पोती के लिए सारी ममता दे देते हैं।

## स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने बिशुनपुर में चलाया जागरूकता अभियान



खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मंच के जिला संयोजक संतोष झा ने कहा कि शहरी क्षेत्र के वनिस्पत ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता मतदान के विषय में ज्यादा जागरूक हैं। जबकि विकास के सभी आयाम का अत्यधिक लाभ पाने की अभिलाषा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को ही रहती है और लाभ मिलता भी है। ऐसे में शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की जिम्मेदारी मतदान में सर्वाधिक होनी चाहिए। स्वदेशी जागरण मां सभी मतदाताओं से विनम्र निवेदन करता है कि सरकार के द्वारा किए जा रहे उत्कृट प्रयासों को ध्यान में रखें। समाज सेवी संगठनों के द्वारा किए गए आग्रह को ध्यान में रखें और मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदान करें। इस तरह के काम में बढ़ चढ़कर और इन सभी सुविधाओं की जानकारी विविध माध्यम से मतदाता तक भी पहुंचाएं। जिससे मतदाता निर्भीक होकर मतदान में अपनी भागीदारी निभाएं। अभियान में शम्मी जी, संजय वर्मा, कपूरी ठाकुर, विनोद सिंह, योगेश, शिम्पी, संदीप जयसवाल ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## स्पीड न्यूज

### समाजसेवी ने दुकान का किया उद्घाटन

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित मनिका-मटलौंग पथ के समीप एमएस ट्रेडर्स नामक दुकान का उद्घाटन फीता काटकर बालूमाथ के समाजसेवी सह पत्रकार मोहम्मद शमीम ने किया। मौके पर बोलते हुए मोहम्मद शमीम ने कहा की हेरहंज प्रखंड क्षेत्र में ट्रैक्टर एवं चारपहिया गाड़ियों की सर्विसिंग एवं पार्टर्स दुकान की सुविधा नहीं होने के कारण वाहन संचालक को बालूमाथ पांकी लातेहार में जाकर काम करवाना पड़ता था लेकिन अब यह सुविधा यही उपलब्ध हो जाने से यहां के लोगों को लाभ होगा। वहीं दुकान संचालक ने मो.रहमान बताया कि उनके यहां ट्रैक्टर पिकअप बोलेरो टेम्पू समेत कई छोटी बड़ी गाड़ियों के पार्ट्स उपलब्ध हैं इसके अलावा सर्विसिंग की भी सुविधा उपलब्ध है। उनका प्रयास होगा कि कम कीमत में ग्राहकों को अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मौके पर बालूमाथ वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता, मो. अतीक, मो.अजहर, अमन सिन्हा, संजय प्रसाद, बुटन मिस्त्री समेत एवं हेरहंज भंडार चौक के कई लोग मौजूद हुए।

### आंधी-तुफान से घर का एलबेस्टर उड़ा


क्षतिग्रस्त एलबेस्टर।

**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड के नेरगाई गांव में आंधी-तुफान का असर देखने को मिला। ज्ञात हो कि नेरगाई गांव निवासी सतीश यादव का घर का एलबेस्टर आंधी तुफान में उड़ गया जिससे उन्हें लाखों रूपये की क्षति हुई है। सतीश यादव उक्त घर में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते थे। इस मामले को लेकर सतीश यादव ने बताया कि करीब चार बजे आये एका-एक जोरदार आंधी तुफान में मेरा घर का एलबेस्टर टुट गया है और घर के अंदर रखे टुल समेत कई सामान की क्षति हुई है। इस मामले को लेकर सतीश ने बीडीओ को आवेदन देकर मुआवजे की मांग करने की बात कही है।

### बस ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल


घायल युवक।

**चंदवा।** एनएच-75 (अब 39) रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा शहर से सटे देवनद के समीप मंगलवार की शाम लगभग 4 बजे तेज रफ्तार कुणाल नामक यात्री बस जेएच 01-ईवाय-8989 ने बाइक जेएच-01एफएल-0401 को चपेट में ले लिया। बस के चपेट में आने के बाद बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान जागेश्वर उरांव (अम्बाटांड चकला) में हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से प्रशासन के द्वारा 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी की देख रेख में उसका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गम्भीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल का दोनो पैर टूट गया है व सर एवं शरीर के कई हिस्सों में गम्भीर चोटें आई है। इधर प्रशासन मामले में जांच पड़ताल के साथ अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी। जानकारी के अनुसार बस चतरा से रांची की ओर जा रही थी जबकि बाइक सवार सामने से आ रहा था। इस दौरान बस बाइक को चपेट में ले लिया जिस कारण उक्त हादसा हुआ।

### सर्पदंश से बच्चा हुआ अचेत, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के निवासी प्रदीप यादव का चार वर्षीय पुत्र अंकित कुमार सर्पदंश से अचेत हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अंकित अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान किसी विषैले सांप ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर किया गया।

### अनियंत्रित ऐंबुलेंस ने वृद्ध को कुचला, मौत


मृतक वृद्ध।

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर मंगलवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम स्तिथ पंचायत भवन के समीप एक अनियंत्रित 108 एंबुलेंस ने पैदल सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो. एनुल अंसारी 60 वर्ष पिता वस्तजिम मियां ग्राम चापाटोली,बालू थाना बालूमाथ निवासी बालूमाथ बाजार से खरीदारी कर टेम्पू से वापस अपने घर लौट रहा था। जहां बालू पंचायत भवन के पास किराना दुकान से समान लेने के लिए उतरा तभी लातेहार से बालूमाथ की ओर आ रहे एक अनियंत्रित 108 एंबुलेंस जेएच01एफएल8475 ने एनुल अंसारी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे 108 की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक द्वारा जचोपरांत मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है एवं परिजनों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रही है। परिजनों का कहना है कि पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। मृतक एनुअल अंसारी की पांच बेटियां हैं। जिसमें से एक बेटी की शादी वह पिछले सप्ताह ही किया था।

### मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**बारियातू।** सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ सीओ नंद कुमार राम के निदेशांनुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्र में मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ बालूभाँग, फूलसु, डाढा, गोनिया, साल्वे, अमरवाडीह, टोटी, सिबला व बारियातू पंचायत में सभी बीएलओ ने अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर शत प्रतिशत मतदान कराने के उदेश्य से मैं भी इलेक्शन एम्बसडर कार्यक्रम के तहत मताधिकार के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए मतदाताओं का मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया. कार्यक्रम में फ्यूचर वोटर्स/युवा मतदाता तथा उनके पैरेंट्स को मतदान के प्रति जागरूक कर कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दिया गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी योग्य मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक कर वोट कैसे और क्यों देना है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई है।

# स्वीप मतदाता जागरूकता के तहत कॉलेज में बैज का वितरण

## स्वीप के प्रभारी पदाधिकारी सह डीपीआरओ डॉ. चंदन ने छात्र-छात्राओ को लोकतंत्र के महत्व को बताया

खबर मन्त्र संवाददाता


छात्रों को जागरूक करते डॉ. चन्दन।

**लातेहार।** लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज 7 मई को शाम 6 से 8 बजे मै भी इलेक्शन अंबेस्डर सोशल मीडिया कैंपेन में अधिक से अधिक अपनी एवं अपने परिवार के अन्य मतदाताओं के भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता जागरूकता संबंधी फोटो, वीडियो पोस्ट कर @ ईसीआई स्वीप एवं @सीईओ झारखंड को टैग करते हुए इलेक्शन एंबेसडर बनने के लिए इस अभियान में हिस्सा लें।

**कॉलेज में किया गया बैच का वितरण**

उक्त सोशल मीडिया कैंपेन के सफल संचालन को लेकर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बनवारी साहू महाविद्यालय एवं राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बैज वितरण कार्यक्रम किया गया। बनवारी साहू महाविद्यालय में स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल कुमार मिंज के द्वारा फर्स्ट टाइम वोटर्स का लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने परिवार के अन्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को कहा गया। वहीं राजकीय पॉलिटेक्निक लातेहार के छात्र-छात्राओ के बीच स्वीप के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन के द्वारा लोकतंत्र के महत्व को बताया गया। वहीं फर्स्ट टाइम वोटर्स को मै भी इलेक्शन अम्बेस्डर को टैग करके सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आज शाम 6 से 8 बजे के बीच के सोशल मीडिया कंपैन में हिस्सा लेने को कहा गया। इस मौके प्रभारी पदाधिकारी सह जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल, प्रोफेसर विशाल शर्मा अन्य सहायक शिक्षक, छात्र छात्राएं एवं स्वीप टीम के कर्मी उपस्थित थे।

## ग्रीन फील्ड विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### चुनाव में मतदान करना प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य: यूएन कपूर


मौके पर मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सरोज नगर स्थित ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर विंग विद्यालय में मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य यूएन कपूर ने विद्यार्थियों के बीच मतदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चुनाव में मतदान करना 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो का राष्ट्रीय कर्तव्य है। मतदान के माध्यम से ही हम सभी अपना प्रतिनिधि चुन सकते हैं, प्रत्येक वोटर को बिना किसी लोभ लालच के निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए क्योंकि जिन्हें हम सभी चुनकर भेजते हैं वे भविष्य के लिए काफी अहम होते हैं। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाते हुए अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक अरविंद सिंह, शिक्षक ज्योति कुमारी, अमर कुमार, उत्तम गुहा, शुभम, शिवम, एलेक्स, रघु, विवेक, सुभोजित समेत काफी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद थे।

## पुलिस ने 32 मवेशियों से लदा कंटेनर किया जप्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

# तस्करी के लिए दूसरे राज्यों में भेजे जा रहें थे पशु

खबर मन्त्र संवददाता


थाना परिसर में कंटेनर व पशु।

**बरवाडीह।** बरवाडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तस्करी के लिए कंटेनर ट्रक में ठुसकर अवैध तरीके से ले जाए जा रहे पशुओं को छापामारी कर जप्त कर लिया है। घटना मंगलवार की सुबह की है। जानकारी देते हुए प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी ललित मीना ने बताया कि सूचना मिली की अवैध परिवहन एवं व्यापार किए जाने के उद्देश्य से एक टाटा कम्पनी का कन्टेनर ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नं -इफ24ऋ3-7722 में मवेशी को अवैध रूप से ले जाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर सनहा दर्ज करते हुए वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया एवं वरीय पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा मवेशी से भरे कंटेनर को कुटमू से केचकी के बीच में छापामारी कर पकड़ा गया। ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक में कुल 32 मवेशी जिसमें 13 मादा भैस एवं 19 नर भैंस को अवैध तरीके से गाड़ी में बांधकर रखा गया था। घटना कारित करने में संलिप्त कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, एवं कन्टेनर ट्रक को विधिवत जप्त किया गया है। साथ ही अभियुक्तों के पास से तीन मोबाईल एवं 4500 सौ रुपये नगद बरामद किया गया है। आईपीएस ललित मीना ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पशुओं की तस्करी के मामले में संलिप्त अन्य लोगों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पशु किसके पास से और कहां ले जाया जा रहा था इसकी जांच की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम**

गिरफ्तार अभियक्तो में वाहन चालक मनीष कुमार यादव उम्र 19 वर्ष, पिता बड़ेलाल यादव उत्तरप्रदेश के कौशांबी जिले का रहने वाला है। शेख सद्दाम, उर्फ फुल्ल, 35 वर्ष, गढ़वा जिले का निवासी है। वहीं जाहिद मियाँ उर्फ टुन्नु मियां उम्र 50 वर्ष, पिता नेयामत मियां, लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोखरीकला का निवासी है।

**छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी**

वहीं छापामारी दल में प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीना, पुअनि राधेश्याम कुमार, राजन अधिकारी, याकिन अंसारी और थाना रिजर्व गार्ड एवं चालक शामिल थे।

## छिपादोहर पुलिस ने दो सड़क लुटेरों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार


प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसपी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। बरवाडीह अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी वेंकेटेश कुमार के नेतृत्व में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार ने दो कुख्यात सड़क लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस कप्तान ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के सत्यापन हेतु एक टीम का गठन कर त्वरित कारवाई करते हुए संदिग्ध अभियुक्तो के घर पर छापामारी किया गया। जिसमें छिपादोहर थाना क्षेत्र के गाड़ी ग्राम निवासी अभियुक्त पप्पु कुमार सिंह, 23 वर्ष, पिता सरजु सिंह के घर से तीन भरठुआ बंदुक तथा पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदो ग्राम निवासी अभियुक्त सोनल सिंह उर्फ बंसत सिंह, 22 वर्ष पिता जितेन्द्र सिंह, वर्तमान पता लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गाड़ी के बदन से एक देशी पिस्टल बरामद किया गया है। उक्त दोनों अभियुक्त एवं उनके सहयोगियो के द्वारा डालटनगंज-महुआडाड़ मुख्य पथ पर रात्री में चलने वाले राहगीरो को हथियार का भय दिखाकर लुटपाट एवं छिनतई जैसी घटना को अंजाम दिया जाता था। छिपादोहर थाना अंतर्गत लाभर से केड़ जाने वाले मार्ग, केचकी संगम मार्ग (बरवाडीह थाना), केचकी चेकनाका होते हिए दुबियाखाड़ जाने वाला मार्ग (बरवाडीह एवं सतबरवा थाना) इन सभी मार्गो मे रात्री के समय सुनसान जगह पर हथियार का भय दिखा कर लुटपाट एवं छिनतई जैसी घटना को अंजाम देते थे।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी**

वहीं छापामारी दल में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, पुअनि रितेश कुमार राव, बिकाशेन्दु त्रिपाठी, राजेश कुमार के साथ-साथ छिपादोहर थाना के रिजर्व गार्ड एवं आईआरबी 01 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नवनिर्मित अंडर पास से पुराने रास्ते को चालू रखने की मांग को लेकर आईओडबल्यू को सौंपा मांगपत्र

➲ दर्जनों गांव के लोगों के लिए रेलवे स्टेशन, मंदिर और बाजार आदि जाने का एकमात्र मुख्य मार्ग है


आईओडबल्यू को मांगपत्र सौंपते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन अंतर्गत 16 सी फाटक के समीप नवनिर्मित अंडर पास से मोरवाई और खुरा पंचायत के दो दर्जनों से अधिक गांवों को जोड़ने वाले वर्षो पुराने रास्ते को पूर्व की तरह चालू रखने की मांग को लेकर कई गांवों के लोगों ने मंगलवार को आईओडबल्यू इंचार्ज विवेकानंद बासु को हस्ताक्षर युक्त मांगपत्र सौंपा है। दिए गए मांगपत्र में उन्होंने बताया है कि अंडर पास का निर्माण होने के बाद रेलवे के द्वारा उक्त पुराने रास्ते को बंद किया जा रहा है, जबकि रेल के अधिकारियों द्वारा पूर्व में भी ग्रामीणों को मार्ग को चालू रखने को लेकर मौखिक रूप से आश्वस्त किया गया था। इस पुराने मार्ग को बंद होने से कई पंचायत के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। लोगों के लिए बरवाडीह रेलवे स्टेशन, पहाड़ी शिव मंदिर, बाजार और मण्डल डैम आदि जाने के लिए यही एकमात्र मुख्य रास्ता है। इसलिए ग्रामीणों की समस्या और जनहित को देखते हुए इस मार्ग को चालू रखना अत्यंत जरूरी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मुखिया जितेंद्र सिंह, सामजसेवी नाजमी अनवर, संतोष चंद्रा और शेख फिरोज उर्फ डॉक्टर सहित पचास से ज्यादा की संख्या में लोग शामिल थे।

**आईओडबल्यू ने निरीक्षण कर जनहित की मांग को बताया जायज**

इधर आईओडबल्यू इंचार्ज विवेकानंद बासु ने ग्रामीणों की मांग पर उचित कारवाई करने को लेकर आश्वस्त किया और अंडर पास पहुंच रास्ते का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों की मांग को जायज बताते हुए अविलंब दूरभाष पर वरीय अधिकारियों से वार्ता कर इस मार्ग को चालू रखने का अनुरोध किया। आईओडब्लू इंचार्ज की इस पहल से लोगों में खुशी देखी गई।

## हमारा वोटिंग प्रतिशत अधिक हो, इस बात पर हमें विशेष जोर देना है : रविराज


कार्यकताओं के साथ बैठक करते हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ भूषाड़ और चटूआग गांव में बूथ लेवल के कार्यकताओं के संग हुई बैठक

➲ वोटिंग अधिक हो इसपर जोर,बूथ जितने का रखा गया लक्ष्य

**लातेहार।** भाजपा चुनावी मूड में आ चुकी है, भाजपा के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर बैठक करना शुरू कर चुके हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को कामता पंचायत के चटूआग और भूषाड़ दो बूथों में बूथ लेवल के कार्यकताओं के संग भाजपा नेता रविराज ने बैठक की। रविराज ने कहा है कि हमारा वोटिंग प्रतिशत अधिक हो, इस बात पर हमें विशेष जोर देना है।जीत का पहला सूत्र है- जीतने का मन बनाना। बस, जरूरत इस बात की है कि हम पूरी ताकत से जीत का मन बनाकर मैदान में उतरें और कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव लड़ें। यदि हम ऐसा करते हैं तो हमारी जीत सुनिश्चित है। रविराज ने आगे कहा कि पूरी दुनिया मान चुकी है कि मोदी जी का प्रधानमंत्री बनना तय है इसके बाबजूद यह चुनाव सरकार बनाने का नहीं, बल्कि सरकार मजबूत करने का है। हमें 400 पार का लक्ष्य को पूरा करना है इसके लिए हम सबको रणनीति बनाकर मैदान में उतरना होगा। मौके जगेश्वर गंझू, प्रेम उरांव, विजय जायसवाल, राजदेव, विकास, कमलेश समेत कई लोग शामिल थे।

## तेज आंधी बारिश के साथ बर्फबारी ने मचाई तबाही


महेंद्र भुइयां के घर पर गिरा पेड़।


सड़क पर भरी नाली की गंदगी।

**बरवाडीह।** मंगलवार को भीषण गर्मी के बाद दोपहर में जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ तेज हवाएं चलती रहीं। इस दौरान आंधी चलने से कई जगहों पर पेड़ टूटकर जमीन पर आ गिरी। तेज हवा के कारण होर्डिंग्स बैनर आदि टूटकर लटक गए। करीब 20 से 25 मिनट के लिए बारिश आंधी ने लोगों को भयभीत कर दिया। उधर बारिश होने से जहां सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। जिससे लोगों कुछ समय के लिए गर्मी से राहत मिली। वहीं बारिश थमते ही सूरज निकलने से वातावरण में उमस बढ़ गई, जिससे लोग पसीने से तरबतर हो गए। हालांकि शाम को बारिश का असर दिखने से हवाओं में ठंडक घुल गई। बारिश का सबसे ज्यादा प्रभाव हर बार की तरह विद्युत विभाग पर फिर से देखने को मिला। दोपहर बारिश आते के साथ जो बिजली गुल हुई देर शाम 7 बजे खबर लिखे जाने तक बिजली नजर नहीं आई है। उधर मंगरा पंचायत के डोरामी ग्राम में महेंद्र भुइयां पिता दिकदार भुइयां के खपडेल मकान पर पेड़ गिर गया है। वहीं कई जगहों पर पेड़ गिरने और अल्बेस्टर उड़ने की खबरे मिली है। गढ़वाटांड, आदर्श नगर और मुख्य बाजार आदि सड़कों पर नालियों की गंदगी आ गई है।

# चंदवा में हाथी का दांत साबित हो रहा है शहरी पाइप लाइन जलापूर्ति योजना

## करोड़ो खर्च होने के बावजूद उपयोगिता शून्य, गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से लोग परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



चंदवा। चंदवा के शहरी क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था के लिए करोड़ों की लागत से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा निर्मित जल मीनार उपयोगिता शून्य होने के कारण हांथी का दांत साबित हो रहा है। करोड़ो की लागत से जब जल मीनार निर्माण हुआ था तो लोगो को उम्मीद जगी थी कि चंदवा शहर में पेयजल की समस्या समाप्त होगी, परंतु विभागीय अधिकारियों एवं लाभांवित पंचायतो के जनप्रतिनिधियों ने उदासीनता के कारण चंदवा के शहरी क्षेत्रों में पाइप लाइन पेयजल आपूर्ति विगत लगभग 2 वर्ष से ठप है। सैकड़ो चंदवावासी ने पाइप लाइन जलापूर्ति को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में रजिस्ट्रेशन करा कर कनेक्शन तो ले लिया था परंतु जब से पानी टंकी लगा है तब से अभी तक सुचारू रूप से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पायी। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के द्वारा कभी बिजली का रोना तो सभी मशीनरी का खराब होना बता कर अपने कर्तव्य से पल्ला झाड़ लिया जाता रहा, जिसके बाद विभाग ने इसका संचालन का जिम्मा चंदवा पूर्वी, पश्चमी व अलौदिया पंचायत के तत्कालीन मुखिया को सौंप कर अपने आप को किनारे कर लिया। जिसके बाद जनप्रतिनिधियों के प्रयास से कुछ महीनों शहर में जलापूर्ति भी हुई लेकिन जलापूर्ति व्यवस्था को संचालित करने के कार्य मे लगे कर्मियों के मानदेय नही मिलने व मशीन में तकनीकी खराबी होने के बाद से ठप हुई जलापूर्ति पुनः शुरू नही हो पाई। इसे सुचारू किया जाए इस पर न ही विभाग ने कोई पहल किया और नही जनप्रतिनिधियों ने इस पर गंभीरता दिखायी, जिसका परिणाम यह हुआ कि आज करोड़ो की योजना हाथी का दांत बन कर रह गया।

### भीषण गर्मी के बीच लोगो को हो रही है पानी की किल्लत



इधर अप्रैल माह से ही पड़ रहे भीषण गर्मी के बीच चंदवा में पानी के लिए हाहाकार मची है, कई स्थानों पर हर घर नल जल योजना के द्वारा लगा जलमीनार भी दम तोड़ रहा है। ऐसे में अगर पाइप लाइन जलापूर्ति सुचारू रहती तो लोगो को बड़ी राहत मिलती।

**क्या कहते हैं प्रखंड उप प्रमुख**

प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में संपूर्ण चंदवा प्रखंड घोर पेयजल संकट से जूझ रहा है। ऐसे में अगर पाइपलाइन जलापूर्ति सुचारू रहती तो निश्चित तौर पर लोगो को काफी लाभ मिलता। उक्त समस्या को लेकर मैं जिले के उपायुक्त व वरीय अधिकारियों से मुलाकात कर समस्या के प्रति ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास करूंगा।

**क्या कहते हैं विभाग के एसडीओ**

पूछे जाने पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसडीओ ने बताया कि मामला विभाग के संज्ञान में है। योजना को सुचारू करने को लेकर उनके द्वारा विभाग के वरीय अधिकारियों को पत्राचार भी किया गया है। चुकी उक्त जलापूर्ति को सुचारू संचालन का जिम्मा संबंधित पंचायत के प्रतिनिधियों को दी गयी थी, लेकिन राशि व कर्मचारियों के मानदेय भुगतान की समस्या के कारण योजना ठप हो गया है। इसे सुचारु करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## रितेश पांडेय का गाना आम दशहरी रिलीज



मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक रितेश पांडेय का गाना आम दशहरी रिलीज हो गया है। गाना आम दशहरी को रितेश पांडेय के साथ शिवानी सिंह ने गाया है। गाना आम दशहरी रिद्धि म्यूजिक वर्ल्ड के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाना आम दशहरी को लेकर रितेश पांडेय ने कहा कि गर्मियों में आम का मजा कौन नहीं लेना चाहता है, हमने अपने गाने के जरिये आम के स्वाद को लोगों तक लाने की कोशिश की है। उम्मीद है यह दर्शकों को खूब मजा देने वाला है।गाने का कांस्पेट बेजोड़ है, यह हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आयेगा।

## चारधाम यात्रा : बारिश को लेकर अलर्ट जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड में 11 मई से मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का पूवार्नुमान है कि 11 से 13 मई तक प्रदेश भर में हल्की बारिश होने की संभावना है, लेकिन उच्च हिमालय क्षेत्र में अच्छी बारिश होगी। 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है तो 11 मई से बारिश का सिलसिला पूरे प्रदेश में बढ़ेगा। तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में चारधाम यात्रा पर भी इसका असर पड़ेगा। मौसम विभाग के निदेशक डा. बिक्रम सिंह ने बताया कि भक्त यात्रा पर आ रहे हैं उनको पूरी तैयारी के साथ आना होगा।

## बारामूला में पाकिस्तानी आतंकियों की संपत्ति कुर्क

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान में रहने वाले सात आतंकियों की मंगलवार को संपत्तियां कुर्क कीं हैं। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायालय बारामूला से पारित कुर्की आदेश पर पाकिस्तान स्थित आतंकी संचालकों की लाखों रुपये मूल्य की संपत्तियां (13 कनाल) कुर्क की गईं। पाकिस्तान में बैठकर आतंक का संचालन करने वालों की पहचान शेखपोरा निवासी शब्बीर अहमद सोफी, वारिपोरा पायीन निवासी गुलाम नबी अलई, वारपोरा बाला निवासी गुलाम नबी शेख, शरीफ उद दीन चोपन, रेशीपोरा औथूरा के गुल्ला शेख, सलूसा के मोहम्मद रफीक खान और फ्रास्थर तिलगाम के अब्दुल हमीद पार्रे के रूप में हुई है।

## इजरायली सेना ने रफा पर किया हमला

गाजा। इजरायली सेना ने मंगलवार को गाजा पट्टी के दक्षिणी क्षेत्र राफा सीमा पर हमला किया। फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली टैंकों ने राफा सीमा पर हमला किया और इस क्षेत्र को अपने नियंत्रण में ले लिया है और फिलिस्तीनियों को सीमा पार जाने से रोका जा रहा है। गाजा में जनरल अथॉरिटी फॉर क्रॉसिंग एंड बॉर्डर्स ने कहा कि राफा सीमा पार और केरेम शालोम दोनों में लोगों और मानवीय सहायता की आवाजाही बंद हो गयी है। इजरायली सेना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा की है, जिसमें एक टैंक सीमा के क्षेत्र पर हमला कर रहा है।

## सेंसेक्स 384 और निफ्टी 141 अंक टूटा

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की एक बार फिर उम्मीद जगने से विश्व बाजार में आई तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में मंगलवार को शेयर बाजार आधी फीसदी से अधिक टूट गया। सेंसेक्स 383.69 अंक अर्थात 0.52 प्रतिशत लुढ़ककर 73,511.85 अंक और निफ्टी 140.20 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,302.50 अंक पर बंद हुआ।

# सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल को फिलहाल राहत नहीं

## विशेष अदालत ने 20 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को कई घंटों तक चली बहस के बाद जेल में न्यायिक हिरासत में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिलहाल राहत नहीं मिली। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने ईडी की ओर से पेश सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू और याचिकाकर्ता श्री केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। पीठ ने दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह अंतरिम

▸▸ अंतरिम जमानत पर गुरुवार या अगले हफ्ते होगा फैसला

जमानत पर आगे की सुनवाई गुरुवार या अगले सप्ताह पूरी होने पर कोई आदेश पारित करेगी। न्यायमूर्ति खन्ना ने पीठ की ओर से कहा कि देखते हैं कि क्या मामला परसों खत्म हो सकता है या अगले सप्ताह सूचीबद्ध हो सकता है। इस बीच, राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने उनकी (केजरीवाल) न्यायिक हिरासत अवधि 20 मई तक बढ़ाने का आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि केजरीवाल को



केवल इस शर्त पर राहत देने पर वह विचार कर सकती है कि वह किसी भी (मुख्यमंत्री के तौर पर) आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करेंगे। इसके साथ ही पीठ ने अंतरिम राहत का संकेत देते हुए यह भी जोड़ा कि यह स्थिति असाधारण है, क्योंकि लोकसभा चुनाव पांच साल में एक बार होते हैं। पीठ ने कहा कि अंतरिम जमानत देते समय हम विचार करते हैं कि (जमानत का) क्या कोई दुरुपयोग होगा या क्या संबंधित व्यक्ति एक संगीन अपराधी है। पीठ ने पिछली सुनवाई (तीन मई) को भी केजरीवाल की याचिका पर उन्हें अंतरिम जमानत देने पर विचार करने का संकेत दिया था। केजरीवाल ने दिल्ली अबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन घोटाले के एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी की ओर से अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने विशेष अदालत और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय से याचिका खारिज होने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत के समक्ष अपने लिखित जवाब में केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अपनी गिरफ्तारी के तरीके और समय पर सवाल उठाया है। उन्होंने तर्क दिया है कि उनकी गिरफ्तारी लोकतंत्र के सिद्धांतों, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और संघवाद पर एक अभूतपूर्व हमला था। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत के आदेश पर तिहाड़ जेल में बंद हैं, जहां उनकी न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी गई। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय से याचिका खारिज होने के बाद 10 अप्रैल को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।



**शेखर सुमन और राधिका खेड़ा भाजपा में शामिल**

**नयी दिल्ली। अभिनेता शेखर सुमन और कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा भाजपा में शामिल हो गए। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में राधिका खेड़ा और शेखर सुमन ने पार्टी की सदस्यता ली। खेड़ा ने कहा कि रामभक्त होने के नाते के कारण कांग्रेस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मोदी सरकार का संरक्षण नहीं मिला होता तो यहां तक नहीं पहुंच पाती।**

# तीसरे चरण में 61 % से अधिक वोटिंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से हुये मतदान में 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। मतदान के अंतिम आंकड़े इससे अधिक हो सकते हैं, पर इसका प्रतिशत पहले और दूसरे चरण के मुकाबले कम है। इसके साथ ही लोकसभा की 543 सीटों में से 283 सीटों पर प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में दर्ज हो गया है। तीसरे चरण में शामिल सीटों में सामान्य- 72, अनुसूचित जनजाति- 11 और अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित 10 सीटें शामिल थीं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चला। देश के कई इलाकों में तेज और गर्मी के के बीच मतदान का प्रतिशत तीसरे चरण में भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। चुनाव आयोग शाम को जारी मतदान के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जबकि महाराष्ट्र 54.98 प्रतिशत वोट पड़े। बिहार में 56.55 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में



66.99 प्रतिशत, दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 74.32 प्रतिशत, गुजरात में 56.83 प्रतिशत, कर्नाटक में 68.22 प्रतिशत, मध्यप्रदेश 63.13, महाराष्ट्र में 54.98, उत्तर प्रदेश में 57.34 और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत वोट पड़े।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने अपने-अपने गृह क्षेत्र में मतदान किया। कुल सात चरणों में कराये जा रहे आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ जिसमें 66.14 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। दूसरे चरण में 13 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को 66.71 प्रतिशत वोट पड़े थे। तीसरे चरण का मतदान आज हो रहा है। वर्ष 2019 के लोक सभा चुनाव में पहले दो चरण में 69.43 फीसदी और 69.17 फीसदी था। तीसरे चरण के चुनाव में असम की चार सीटों पर 47 प्रत्याशी, बिहार में पांच सीटों पर 54 प्रत्याशियों, छत्तीसगढ़ में सात सीटों पर 168 प्रत्याशियों,दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की दो सीटों पर 16 प्रत्याशी, गुजरात की 25 सीटों पर 266 ,कर्नाटक की 14 सीटों पर 227,महाराष्ट्र की 11 सीटों 258, उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर 100 और पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर 57 उम्मीदवारों सहित कुल 1332 उम्मीदवार मैदान में थे। गुजरात की सूरत सीट पर भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये हैं। तीसरे चरण में गृह मंत्री अमित शाह का गांधीनगर (गुजरात) सीट पर कांग्रेस के सोनल रमन भाई पटेल से मुकाबला है। मंत्री परशोत्तम रूपाला राजकोट सीट पर कांग्रेस के धनानी पारेस के मुकाबले खड़े हैं। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया पोरबंदर सीट पर कांग्रेस के ललित वसोया के सामने हैं। तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे प्रमुख उम्मीदवारों में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्यप्रदेश में गुना सीट से, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा सीट से ,कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राजगढ़ सीट से, शिवसेना उद्धव बालठाकरे महाराष्ट्र के रायगढ़ सीट से, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले महाराष्ट्र की बारामती सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुनेत्रा अजितदादा पवार से टक्कर ले रही हैं।

## शहजादे का इरादा राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने का है : नरेंद्र मोदी



**खरगोन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को जम कर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस छोड़ चुके लोगों की बातों से पार्टी के खतरनाक इरादों के बारे में सुनने को मिल रहा है और ऐसे एक नेता ने खुलासा किया है कि कांग्रेस के 'शहजादे' का इरादा राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का है। श्री मोदी यहां खरगोन और खंडवा संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत इतिहास के अहम मोड़ पर खड़ा है, अब ये जनता को तय करना है कि भारत में 'वोट जेहाद' चलेगा या रामराज्य। पाकिस्तान में आतंकी भारत के खिलाफ जेहाद की धमकी दे रहे हैं और यहां कांग्रेस के लोगों ने भी घोषणा कर दी है कि मोदी के खिलाफ वोट जेहाद करो, यानी मोदी के खिलाफ खास धर्म के लोगों को एकजुट होकर वोट करने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किस स्तर पर उतर आई है। क्या संविधान 'वोट जेहाद' की अनुमति देता है।

# देश में बेरोजगारी अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचा : सोनिया

एजें

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया। सोनिया ने प्रधानमंत्री मोदी पर राजनीतिक लाभ के लिए देश में नफरत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मतदाताओं से झूठ और नफरत के समर्थकों को खारिज करने का आह्वान किया है। पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने कहा कि मोदी और भाजपा का ध्यान केवल किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने पर है। सोनिया ने कहा कि आज देश के हर कोने में युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है, महिलाओं को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों को भयानक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की नीयत की वजह से है। उनका ध्यान किसी भी कीमत पर सिर्फ सत्ता हासिल पर है। उन्होंने



राजनीतिक लाभ के लिए नफरत को बढ़ावा दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा, कांग्रेस पार्टी और मैंने हमेशा सभी की तरक्की और वंचितों को न्याय दिलाने के साथ ही देश को मजबूत करने के लिए संघर्ष किया है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है। सोनिया ने कहा कि हमारे संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने, हमारे गरीबों को पीछे छोड़ दिए जाने और हमारे समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न होने का दृश्य मुझे पीड़ा से भर देता है।

आज मैं एक बार फिर आपका समर्थन मांगती हूं। सोनिया ने कहा, हमारा न्याय पत्र और हमारी गारंटियों का मकसद भी देश को एकजुट रखना और गरीबों, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समुदायों को ताकत देना है।

# रामजन्म भूमि परिसर में जल्द बनेगा ऑडिटोरियम : नृपेंद्र मिश्र

**अयोध्या ।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर में देश विदेश से आने वाले विशिष्ट साधु-संत, महन्त के रहने और लगभग पांच सौ लोगों के बैठने के लिए परिसर में ही एक ऑडिटोरियम बनाने की तैयारी पर काम चल रहा है। यह जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने मंगलवार को दी। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि राम मंदिर परिसर में एक ऑडिटोरियम बनने जा रहा है। जिसका निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम करेगा। लगभग 15 दिन बाद निर्माण भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑडिटोरियम के लिए नक्शा बनकर तैयार हो गया है। अभी भूमि का स्क्वायल टेस्ट भी चल रहा है, स्क्वायल टेस्ट का कार्य पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो



जाएगा। उन्होंने राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार बनाये जाने की बात कही और कहा कि इसका आर्ट वर्क वासुदेव कामत करेंगे। वर्तमान में इस समय वह परकोटे पर म्यूरल बनाने का काम कर रहे हैं। नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि ऑडिटोरियम में बाहर से आने वाले विशिष्ट साधु-संतों के लिए निवास की भी व्यवस्था होगी और ऑडिटोरियम में होने वाले कार्यक्रम में लगभग 500 व्यक्ति बैठ सकें, ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है।

## मुस्लिम आरक्षण का जिन्न चिराग से आया बाहर : भाजपा

**नयी दिल्ली।** आरक्षण को लेकर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि चुनाव के वक्त मुस्लिम आरक्षण का जिन्न चिराग से बाहर आ गया है। मंगलवार को भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इस पर मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने जो आशंकाएं व्यक्त की थीं, वे अब पूरी तरह सच साबित हो रही हैं। मुस्लिम आरक्षण का जिन्न इंडी गठबंधन के चिराग से बाहर आ गया है, जिसका असर दक्षिण से लेकर गंगा के मैदानी इलाकों तक आसमान में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि लालू यादव द्वारा दिये गए बयान में गौर करने वाली बात ये है कि जब उनसे मुस्लिम समुदाय के बारे में सबसे गंभीर बात पूछी गई तो उन्होंने कहा कि हां, मुसलमानों को मिलना चाहिए।

# कुलगाम में मुठभेड़ दो आतंकी मारे गये

### लश्कर का टीआरएफ कमांडर बासित डार भी मारा गया

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। अधिकारियों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सोमवार देर रात इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी गोलीबारी के दौरान उस घर में आग लग गई, जिसमें आंतकी छिपे थे।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ स्थल पर कम से कम दो शव देखे गए हैं और उन्हें निकालने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि शव बरामद होने के बाद ही मारे गए आतंकवादियों की पहचान हो सकेगी तथा वे किस आतंकी समूह से जुड़े हुए थे, इसका पता चल सकेगा। । कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरधी ने बताया कि कुलगाम जिले के रेडवानी पायीन में मारे गये दो आतंकवादियों में मोस्ट वांटेड लश्कर-ए-तैयबा समर्थित टीआरएफ कमांडर बासित डार भी है। उस पर एनआईए ने 10 लाख रुपये के इनाम का ऐलान कर रखा था।

# नौसेना के तीन जहाज दक्षिण चीन सागर में तैनात

एजेंसी

▸▸ सिंगापुर नौसेना कर्मियों ने जहाजों का गर्मजोशी से किया स्वागत

▸▸ पूर्वी बेड़े की तैनाती का हिस्सा हैं आइएनएस दिल्ली शक्ति और किल्टन

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े को दक्षिण चीन सागर में तैनात किया गया है। भारतीय जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन इसी तैनाती के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंच गए हैं, जहां सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत के इन जहाजों की इस यात्रा से कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूती मिलेगी।

कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में तीनों जहाज 06 मई को सिंगापुर पहुंच गए हैं। इन तीनों जहाजों का सिंगापुर पहुंचना दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

बंदरगाह में इन जहाजों के प्रवास के दौरान विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिसमें भारतीय उच्चायोग के साथ बातचीत, सिंगापुर की नौसेना के साथ पेशेवर बातचीत के साथ-साथ अकादमिक और सामुदायिक आउटरीच सहित अन्य



गतिविधियां होंगी। भारतीय और सिंगापुर की नौसेना के बीच तीन दशकों के सहयोग, समन्वय और नियमित यात्राओं, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक प्रशिक्षण व्यवस्थाओं के साथ मजबूत संबंध रहे हैं। वर्तमान तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।

## भाजपा में है सभी की संविधान बदलने की रट : प्रियंका गांधी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि केंद्र में यदि भाजपा सरकार बनाती है तो संविधान में बदलाव होना तय नजर आ रहा है क्योंकि भाजपा के सांसदों से लेकर उप मुख्यमंत्री तक सभी संविधान बदलने की रट लगाए हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि सांसदों से लेकर डिप्टी सीएम तक सबने रट लगा रखी है - संविधान बदल देंगे, संविधान बदल देंगे। मोदी और आरएसएस संविधान बदलकर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण और उनके अधिकार छीन लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कुछ भी कहे लेकिन संविधान बदलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम जान दे देंगे लेकिन संविधान पर आंच नहीं आने देंगे।

Dr. Anup's
HLCCS
स्किन हेयर एण्ड लेजर सेन्टर
For the right treatment for your skin & Cosmetic Problem
Call - +91 9334334935, 9431529553
हरमु बाई पास रोड, पुरुष विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, राँची 834002
E-mail : hlccs@rediffmail.com, Web : www.hlccsskincareclinic.com



वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !